


दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 36 जयपुर, रविवार, 14 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




**भारत संग राममय हुआ संसार**

*पीएम नरेंद्र मोदी का आभार, मिली प्रेरणा अपार*

## 'सच बेधड़क' ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने की उपराष्ट्रपति से लंच पर मुलाकात

# उपराष्ट्रपति को दिया 'रामाभिषेकम् और विशाल आरती' का न्योता

*हरषि भरत कोसलपुर आए। समाचार सब गुरहि सुनाए॥ पुनि मंदिर महँ बात जनाई। आवत नगर कुसल रघुराई॥*

**भावार्थ**

*इधर भरत भी हर्षित होकर अयोध्यापुरी में आए और उन्होंने गुरु को सब समाचार सुनाया। फिर राजमहल में सूचना दी कि रघुनाथ कुशलपूर्वक नगर को आ रहे हैं।*





### कार्यक्रम में 101 विद्वान संत-महात्मा करेंगे श्री रामलला का महाअभिषेक

**बेधड़क** | जयपुर

'सच बेधड़क' ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को अल्बर्ट हॉल पर आयोजित होने वाले 'रामाभिषेकम् उत्सव व विशाल आरती' कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। विनायक शर्मा उपराष्ट्रपति के ज्येष्ठ भ्राता रणदीप धनखड़ की ओर से दिए गए लंच में शामिल होने उनके सी-स्कीम स्थित निवास पर पहुंचे थे। यहां उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात के दौरान विनायक शर्मा ने उपराष्ट्रपति को अयोध्या से लाए गए रामलला के विग्रह के बारे में जानकारी दी तो उपराष्ट्रपति ने इस रामकाज की भरपूर सराहना की और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि 'सच बेधड़क' मीडिया समूह की ओर से सोमवार को अल्बर्ट हॉल पर रामाभिषेकम् व विशाल आरती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर भगवान राम की सुरों से आराधना करेंगे। साथ ही, श्री रामलला का महाभिषेक 101 संत-महात्मा करेंगे।

### आप बहुत अच्छा रामकाज कर रहे हो: चंद्रशेखर



'सच बेधड़क' समूह के चेयरमैन विनायक शर्मा ने शनिवार को ही प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर से मुलाकात की। इस दौरान विनायक शर्मा ने संगठन महामंत्री चंद्रशेखर को भव्य रामाभिषेकम् और विशाल आरती कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस दौरान चंद्रशेखर ने कहा, 'आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

### इस कार्यक्रम से जा रहा है अच्छा संदेश: देवनानी



'सच बेधड़क' के एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने शनिवार को ही राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से उनके आवास पर हुई मुलाकात के दौरान भव्य रामाभिषेकम कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस दौरान शर्मा और देवनानी के बीच आध्यात्मिक के साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

**प्रकट किया जाएगा पीएम का आभार**

*विनायक शर्मा ने बताया, "इस भव्य रामाभिषेकम् उत्सव एवं विशाल आरती में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया जाएगा। भारत की कई पीढ़ियां राम मंदिर निर्माण के संघर्ष में शहीद हुई हैं, और जिस कार्य को पूरे विश्व ने असंभव समझा था, उसे प्रधानमंत्री मोदी ने संभव कर सभी देश को गौरवान्वित किया है। आने वाली सभी पीढ़ियां इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए कृतज्ञ रहेंगी।"*

**जरूरी खबर**

### 12वीं बोर्ड परीक्षा 29 फरवरी से

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शनिवार को सत्र 2023-24 के लिए माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। उच्च माध्यमिक स्तर की परीक्षाएं 29 फरवरी से 4 अप्रैल तक और माध्यमिक स्तर की परीक्षाएं 7 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित होंगी। परीक्षा में 20 लाख से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे। नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 18 जनवरी से 14 फरवरी तक और स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 15 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य होंगी। शनिवार को जयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में आयोजित हाईपावर कमेटी की मीटिंग में टाइमटेबल को मंजूरी दी गई। बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने बताया कि परीक्षाएं प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक होंगी।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


## सेमिनार में बिना नाम लिए साधा कांग्रेस पर निशाना

*जो राम को नहीं मानते*

# वे कर रहे हैं संविधान का अपमान: धनखड़

### जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग है चिकित्सा: सीएम भजनलाल शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संविधान में भी राम मंदिर का जिक्र है और जो लोग राम को नहीं मानते, वे संविधान निर्माताओं का भी अपमान कर रहे हैं। राष्ट्र हित को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जा सकता। संविधान में भी देखें तो राम-सीता और लक्ष्मण के फोटो छपे हुए हैं। वे शनिवार को विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद के राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि पिछली सरकार के समय जब मैं राजस्थान आया तो मेरा हेलिकॉप्टर उतरने नहीं दिया। तब उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के सहयोग से स्थानीय किसान ने जिला कलेक्टर को लिखकर दिया कि मेरे खेत में 3 नहीं 13 हेलिकॉप्टर उतरवाएं। धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए स्वदेशी सामान अपनाने की अपील की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हम देश में वही आयात करें जो हमारे राष्ट्र के लिए अति आवश्यक है। भारत में वैल्यू एडिशन पर भी धनखड़ ने जोर दिया।



### भोजन पेड़-पौधे तो उपचार भी उसी से हो: सीएम शर्मा

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग चिकित्सा है। इलेक्ट्रो-होम्योपैथी हर्बल चिकित्सा में औषधीय पौधों के रसों के जरिए उपचार किया जाता है। यह प्रभावी चिकित्सा पद्धति के रूप में उभर रही है। इलेक्ट्रोपैथी औषधियां विभिन्न रोगों के इलाज में प्रभावी साबित हुई हैं। काउंट सीजर मैटी मानते थे कि हमारा भोजन पेड़-पौधे ही हैं तो उपचार भी औषधीय पेड़-पौधों के जरिए ही खोजना चाहिए। राजस्थान में भी रोगियों का उपचार इस पद्धति से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता देने वाला देश में प्रथम राज्य है।

### स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज हासिल करने में मदद मिल रही है। आजादी के अमृत काल में देश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सामूहिक प्रयत्न करने होंगे। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। राज्य में शिविरों के दौरान 83 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है। सेमिनार में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद की पुस्तिका का विमोचन और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, राहुल कस्वां, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

**जनहित में छुट्टी न लें सीएम**

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कहा कि यह आपको सौभाग्य मिला है और मुझे भी मिला है कि मैंने आज तक कोई छुट्टी नहीं ली है। अब आपको भी जनहित में कोई छुट्टी नहीं लेनी है। समाज भी तभी काम करेगा, जब शरीर की तरह सभी अंग काम करेंगे। जब भारत आजादी के स्वर्णिम 100 साल मनाएगा, तब भारत दुनिया में सिरमौर होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके पिता के इलाज के लिए इलेक्ट्रोपैथी पद्धति अपनाने की सलाह दी।

## एसीबी: ट्रैप कार्रवाई की सूचनाएं हो रही लीक!

# एक साल में ट्रैप की पांच कार्रवाइयां हुई फेल

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टों के खिलाफ कार्रवाइयां होने से पहले ही एसीबी के ऑफिस से सूचनाएं लीक हो रही हैं। इसी वजह से पिछले एक साल में हर दूसरे माह में एक ट्रैप की कार्रवाई फेल हो रही है, क्योंकि ऐनवक्त पर घूसखोर ने एसीबी के परिवादी से घूस लेने से इनकार कर दिया। हालांकि एसीबी ने ऐसे मामलो में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया। लेकिन कोर्ट केस के दौरान आरोपियों को राहत मिलने की ज्यादा संभावना रहती है। इन मामलों में घूसखोरों ने परिवादियों से मामले से नाम निकालने, जमीन के प्रकरण में स्टे हटवाने, 17 सीसीए के नोटिस फाइल करने और ड्यूटी लगाने की एवज में 10 हजार रुपए से लेकर एक लाख रुपए की डिमांड की थी। अब एसीबी सत्यापन के आधार पर केस दर्ज करके जांच कर रही है।



### दलाल को कहा- तुम भी मरोगे और हमें भी मरवाओगे

धोखाधड़ी के मामले में से नाम निकालने की एवज में 45 हजार रुपए की घूस मांगने की अशोक कुमार व रामलाल ने सांभर डिप्टी एसपी के रीडर भंवरलाल के खिलाफ एसपी सांभर के नाम से दलाल कानाराम के मार्फत 45 हजार रुपए की घूस मांग की शिकायत की थी। ट्रैप से पहले भंवरलाल को भनक लग गई और उसने घूस लेने से इनकार कर दिया।

### तीन बार प्रयास किया भनक लगने पर इनकार

रेंजर सेटलमेंट ताराचंद आर्य ने एसीबी में शिकायत की थी डीएफओ जयराम पांडे का सहायक वनपाल अमजद खान का 17 सीसीए के नोटिस फाइल कराने और ड्यूटी लगाने की एवज में 1 लाख रुपए की घूस मांग रहा है। सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप के लिए तीन बार जाल बिछाया, लेकिन भनक लगने पर आरोपी ने घूस लेने से इनकार कर दिया।

### सत्यापन होने के बाद राशि मांगी ही नहीं

जुलाई माह में किशन कुमावत ने शिकायत की थी। आरोप था कि एसडीएम सीकर का रीडर मोहम्मद अयूब उससे उसके प्लॉट का स्टे तुड़वाने व नकल देने की एवज में 20 हजार की घूस मांग रहा है। इसका सत्यापन करा लिया। एक माह बाद आरोपी को भनक लगने पर उसने परिवादी से घूस की डिमांड ही बंद कर दी।

**नाम हटाने की एवज में मांगी थी घूस**

दौसा निवासी धर्म सिंह व उसके परिवार के खिलाफ लालसोट थाने में एक केस दर्ज था। आरोप था कि हेडकांस्टेबल विजय मीणा ने नाम निकालने की एवज में 15 हजार रुपए की और हेडकांस्टेबल हरि सिंह ने 10 हजार की डिमांड की है। परिवादी की शिकायत पर एसीबी ने सत्यापन कराया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया तो ऐनवक्त पर दोनों आरोपियों ने परिवादी से घूस लेने से इनकार कर दिया।


**अपराध घटे, मगर नगण्य**

# 670 अफसर पांच साल बाद कम कर सके महज 0.40 फीसदी अपराध

- 170 आईपीएस और 500 आरपीएस अफसरों की उपलब्धि
- बलात्कार आदि घटनाओं में आई नाममात्र की कमी, बढ़े पोक्सो केस
- 5 साल से हर साल अपराधों में हो रही थी 10 % तक वृद्धि

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पुलिस महकमे की बागडोर संभाल रहे 170 आईपीएस और 500 आरपीएस अफसर मिलकर वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में केवल 0.40 फीसदी क्राइम कंट्रोल कर पाए है। हालांकि, इसे उपलब्धि माना जा सकता है, क्योंकि पांच साल से हर वर्ष 10 फीसदी अपराध बढ़ रहे थे। प्रदेश के पुलिस थानों में वर्ष 2022 में हत्या, डकैती, लूट, दुष्कर्म, नकबजनी, चोरी, अपहरण, बलवा व अन्य आईपीसी की धाराओं में 2.44 लाख केस दर्ज हुए थे, जबकि दिसंबर 2023 तक थानों में 2.43 लाख के करीब ही मामले दर्ज हुए हैं। खास बात है कि दर्ज मामलों में से 1 लाख के करीब यानी लगभग 30 फीसदी मामले जांच में झूठे पाए गए हैं। सबसे ज्यादा झूठे मुकदमे अपहरण, बालिग से बलात्कार, बलवा और लूट के हैं। वैसे, पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ 1 लाख से ज्यादा केसेज में चालान पेश कर दिया, जबकि 40 हजार के करीब मामले की जांच अभी पेंडिंग है। यानी 16.41 फीसदी मामलों की जांच जारी है।




### छह मामलों में हुई वर्ष 2023 में गिरावट

पुलिस द्वारा वर्ष 2023 के जारी आंकड़ों में सामने आया कि हत्या के 1.17%, डकैती के 8.54%, लूट के 7.75%, बालिगों के साथ हुई दुष्कर्म की घटनाओं में 4.04%, नकबजनी में 0.52% और चोरी के मामलों में 1.71% की गिरावट आई है।

"अपराध पर कंट्रोल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। आमजन को न्याय दिलाना ही पहली प्राथमिकता है। क्राइम कंट्रोल करने के लिए जिला, रेंज, कमिश्नरेट व पुलिस मुख्यालय स्तर पर विशेष टीम बनाकर प्रभावी कार्रवाइयां की जाएंगी।

**यूआर साहू**, डीजीपी

**4 से 63 फीसदी तक निकले झूठे**

पड़ताल में सामने आया कि थानों में दर्ज हुए मुकदमों की जांच में हत्या के 33.51%, हत्या के प्रयास के 16.80%, डकैती के 44.09%, लूट के 26.93%, अपहरण के 63.69%, दुष्कर्म बालिग के 54.34%, नाबालिग से दुष्कर्म के 23.05%, बलवा के 52.66%, नकबजनी के 7.04%, चोरी के 4.22% और अन्य आईपीसी में दर्ज 33.66% झूठे पाए गए हैं।

### यह स्थिति है क्राइम की प्रदेश में

| श्रेणी | वर्ष 2022 | 2023 |
|---|---|---|
| हत्या | 1789 | 1768 |
| हत्या का प्रयास | 2946 | 2049 |
| डकैती | 164 | 150 |
| लूट | 2214 | 2049 |
| अपहरण | 11187 | 11843 |
| दुष्कर्म बालिग | 5228 | 5017 |
| दुष्कर्म नाबालिग | 1629 | 1722 |
| बलवा | 2770 | 2877 |
| नकबजनी | 8038 | 7996 |
| चोरी | 38798 | 38133 |
| अन्य आईपीसी | 169598 | 168832 |

## जरूरी खबर

### शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री दिलावर को सौंपा ज्ञापन



**बेधड़क, जयपुर।** राधाकृष्णन शिक्षक संघ व शिक्षिका सेना ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंपा। जयपुर जिलाध्यक्ष कैलाश सैन ने बताया कि संगठन के संरक्षक गिर्राज प्रसाद के नेतृत्व में शिक्षामंत्री दिलावर को संगठन के प्रेरणा पुंज डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा भेट कर समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री से शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर स्थाई स्थानांतरण नीति का बनाने, उप प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थापन प्रक्रिया शुरू करने सहित मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

### रोचक मुकाबलों के साथ खेल कूद सप्ताह का समापन

**बेधड़क, जयपुर।** राजकीय मूक बधिर महाविद्यालय में शनिवार को खेल कूद सप्ताह का सफलता पूर्वक समापन हुआ। खेल समिति के तत्वावधान में विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों ने शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम सहित अनेक प्रतियोगिताए आयोजित करवाई गई। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सुशीला मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता ने मूक बधिर बच्चो ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 6 दिवस तक चले खेल कूद सप्ताह में कई रौचक मुकाबले हुए। उन्होंने बताया कि खेल कूद सप्ताह में विजेताओं को पारितोषिक वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य मौजूद रहें।

### विधायक सराफ ने कुष्ठ आश्रम में भेंट किए 56 पलंग



**बेधड़क, जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने सपरिवार आगरा रोड खानिया में स्थित गरीबदास कुष्ठ आश्रम एवं नवजीवन कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगी परिवारों को 56 पलंग वितरित किए। विधायक सराफ ने सभी कुष्ठ रोगियों को शॉल औढ़ाए एवं बिस्किट के पैकेट भी वितरित किए। इस अवसर पर सराफ की धर्मपत्नी अलका सराफ, पुत्र विवेक सराफ, पुत्रवधू मणि सराफ, भाजपा जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी, नटवर कुमावत, जितेंद्र राव, संदीप कुमावत, मनोहर प्रजापति, राकेश सोनी, ओमकार सैनी, नरेश, हरिओम गुप्ता एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अस्पताल को पेशेंट फ्रेंडली बनाने के लिए एसीएस शुभ्रा सिंह ने बैठक में दिए निर्देश

# SMS में अब मरीजों को मिलेगी ऑनलाइन रेफरेंस सुविधा

**बेधड़क** | जयपुर

एसएमएस अस्पताल को अब पेशेंट फ्रेंडली बनाया जाएगा। विभिन्न कार्यों में तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर अस्पताल को ऑटोमेशन मोड में लाया जाएगा। रोगियों और उनके परिजनों को रेफरेंस के लिए अब एसएमएस अस्पताल नहीं आना पड़ेगा।



आगामी तीन दिन में रेफरेंस सुविधा को ऑनलाइन कर दिया जाएगा। साथ ही बिलिंग सिस्टम को भी अतिशीघ्र ऑनलाइन किया जाएगा। इससे रोगी एवं उनके परिजनों को अस्पताल के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने में परेशानी नहीं होगी। साथ ही अस्पताल में हेल्प डेस्क व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। आने वाले दिनों में इसे कॉल सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा व मॉनिटरिंग को और मजबूत किया जाएगा। ये निर्देश चिकित्सा विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने एसएमएस अस्पताल में अधिकारियों की बैठक में दिए। बैठक में एसीएस ने कहा कि संवेदनशील और मानवीय एप्रोच रख मिशन मोड में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएं। इसके लिए एक्शन प्लान बनाएं और टाइमलाइन निर्धारित कर उस काम को समय पर पूरा करें। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों, पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ के लिए बायोमैट्रिक सिस्टम शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिव प्रसाद नकाते ने एसीएस को अस्पताल में व्यवस्थाओं के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं आगामी कार्य योजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में तकनीक का उपयोग कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में मिशन मोड पर काम किया जा रहा है।

### थैरेपी का काम करता है अच्छा व्यवहार

एसीएस ने कहा कि मरीजों एवं उनके परिजन बीमारी के कारण पहले से व्यथित होते हैं। ऐसी स्थिति में चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ का अच्छा व्यवहार उनके लिए थैरेपी की तरह काम करता है। अस्पताल प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि किसी भी रोगी या परिजन के साथ दुर्व्यवहार नहीं हो। हम सबका दायित्व है कि अस्पताल में आने वाले रोगियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं सुगमतापूर्वक मिलें। इसमें किसी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

### सफाई की हो समुचित व्यवस्था

बैठक में एसीएस ने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रहे। कहीं भी गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सभी भवनों में टॉयलेट्स के रखरखाव एवं साफ-सफाई का काम सुलभ संस्था के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही साफ-सफाई के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने उपचार के लिए आने वाले रोगियों के परिजनों के ठहरने के लिए भी समुचित व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए।

### नए कर्मचारी लगाने के भेजे प्रस्ताव

बैठक में कहा गया कि अस्पताल के विभिन्न विभागों में जांच एवं उपचार के लिए महंगे उपकरण उपलब्ध हैं, लेकिन मानव संसाधन की कमी के चलते उनका पूरा उपयोग नहीं हो पाने से रोगियों को इंतजार करना पड़ता है। इस पर एसीएस ने आवश्यक मानव संसाधन के लिए नए कर्मचारियों को लगाने के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। एसीएस शुभ्रा सिंह ने कहा कि व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की रिपोर्ट तैयार की जाए।

### लॉयंस क्लब के स्पोर्ट्स कार्निवाल उद्घाटन में बोले खराड़ी...

# मंत्री बने तो मतलब यह नहीं कि बड़े बाप की औलाद हैं

**बेधड़क** | जयपुर

जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि हम लोग मंत्री बन गए, इसका मतलब यह नहीं कि बड़े बाप की औलाद हैं। हम तो जनता के हैं, जनता के बीच रहेंगे। जनता बुलाती है, क्षेत्र के लोग बुलाते हैं, उनकी भी अपेक्षा होती है। इसलिए जनता के बीच हाजिर हुआ हूं।

यह बात खराड़ी ने उदयपुर के बीएन कॉलेज मैदान पर शनिवार को लॉयंस क्लब के मिलाप-2024 स्पोर्ट्स कार्निवाल के उद्घाटन समारोह में कहीं।

मंत्री खराड़ी ने कहा कि आज सुबह उदयपुर आया और तैयार होकर समय पर यहां कार्यक्रम में पहुंच गया। समय पर जाना गुलाबचंद कटारिया से सीखा है। हमें समय का प्रबंधन ठीक करना होगा। यह कर लिया तो हम आगे बढ़ सकेंगे।

बता दें कि खराड़ी ने तीन दिन पहले भी एक बयान दिया था जो काफी चर्चा में रहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में मंत्री खराड़ी ने कहा था कि आप खूब बच्चे पैदा करो। प्रधानमंत्री मोदी जी आपका मकान बनवा देंगे। फिर तकलीफ किस बात की है। जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद थे।

### कांग्रेस को किस बात का घमंड, जो अयोध्या का न्योता ठुकराया: राठौड़



#### भाजपा जीतेगी 25 सीटें: राठौड़




केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार की योजनाओं का असर दिख रहा है, उससे पक्का है कि भाजपा राजस्थान में 25 की 25 सीट जीतेगी। अलग-अलग पार्टी जो अब तक एक-दूसरे को गालियां दिया करती थी, आज एक छतरी के नीचे आ गई हैं। यह खुद के बचाव के लिए एक छतरी के नीचे आए हैं। अब इन पार्टियों के अंदर ही खींचतान चल रही है। जहां-जहां इन पार्टियों का राज रहा है, वहां कुशासन देखने को मिला है। मंत्री राठौड़ ने कहा कि भाजपा में हर चेहरा प्रधानमंत्री मोदी है, मोदी की गारंटी धरातल पर काम कर रही है। वर्षों बाद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही। कांग्रेस को पता नहीं किस बात का घमंड है जो वहां जाने के लिए इंकार कर दिया। अगर, कांग्रेस जाती तो लोग तालियां बजाते, हो सकता था भगवान राम भी कांग्रेस को आशीर्वाद देते। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने तो भगवान राम को ही काल्पनिक बता दिया था, रामसेतु को भी काल्पनिक कहा था। ये लोग सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते हैं। कांग्रेस नेताओं के चेहरों पर जो पर्दे थे, वो अब हटने लगे हैं। मंत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की जनता ने भाजपा को चुना है। अब पार्टी के विधायक जनसुनवाई के जरिए जनता की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। सरकार जनता के हित में निर्णय लेगी और एक संकल्प के साथ काम करेंगे।

### हनुमान चालीसा के पाठ से किया शुभारंभ

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के मंदिरों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झारखंड महादेव मंदिर में शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इसकी शुरुआत करनी थी, लेकिन उनके नहीं आने पर राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री का व्यस्त कार्यक्रम होने के कारण वे यहां नहीं पहुंच पाए। आज जयपुर में ही उप राष्ट्रपति का भी कार्यक्रम है, इसलिए प्रोटोकॉल के नाते मुख्यमंत्री को वहां जाना पड़ा। लोग सुबह से इंतजार कर रहे थे, इसलिए कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। मुख्यमंत्री बाद में दर्शन करने आ सकते हैं।

## खबरों में बेधड़क खबर

### विक्टर की अदालत में पहुंचे ब्रेवो के कारनामे



राजधानी में तैनात अकसर विवादों में रहने वाले ब्रेवो साहब जमीनी मामलों में काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। साहब के कारनामों से परेशान होकर अधिनस्थ और कुछ अफसर विक्टर के दरबार में पेश हुए और अपनी पीड़ा सुनाई। चर्चा है कि पीड़ित खाकी के अधिनस्थ और अफसरों ने ब्रेवों के कारनामों की पूरी कुंडली विक्टर साहब को बताई है। विक्टर की कार्यशैली से हर अफसर परिचित है कि साहब अन्याय के खिलाफ हैं। ऐसे में साहब की अदालत में जल्द ही विवादित मामलों की सुनवाई होने वाली है।

### खाकी के महारथी ज्ञान तक पहुंचा रहे सूचनाएं

राजधानी में ज्ञान का नाम खाकी में चर्चा में रहता है। अब तक सैकड़ों मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, लेकिन खाकी की मेहरबानी के कारण ज्ञान बेखौफ विवादित पट्टे जारी कर रहे हैं। पांच साल में ज्ञान पर मोल-भाव करने वाले खाकी के एक बड़े अफसर और मंत्रालय के पास वाले भवन में बैठने वाले दो बड़े अफसरों की काफी मेहरबानी थी। अब सत्ता में बदलाव के बाद खाकी ने कार्रवाई की तैयारी की तो खाकी के विशेष महारथी ज्ञान को खाकी की गतिविधियों से रोजाना अलर्ट कर रहे हैं। अलर्ट करने की बात पर विशेष महारथियों को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं।

### पोस्टिंग के लिए लॉयन टटोल रहे दिल्ली नेटवर्क



रेंज में तैनात एक लॉयन साहब राजधानी और उसके आस-पास में बड़ी रेंज में पोस्टिंग लेने के लिए दिल्ली के नेटवर्क को टटोल रहे हैं। चर्चा है कि साहब की ईमानदार छवि पर पहली वाली पोस्टिंग के दौरान कई दाग लग गए थे और तब सत्ता में अपने कई टारगेट पूरे किए थे। साहब द्वारा दिल्ली में एक बड़े संवैधानिक पद पर बैठे साहब के नाम से राजधानी व रेंज में पोस्टिंग लेने के लिए किए जा रहे प्रयासों के खाकी में कई मायने निकाले जा रहे हैं।

### पीटर को पोस्टिंग के लिए तबादलों का इंतजार

खाकी में तैनात एक पीटर साहब को इन दिनों सबसे ज्यादा तबादला सूची का इंतजार है। पीटर साहब की जहां पर भी पोस्टिंग रहती है, वें अपने कारनामों को लेकर चर्चा में रहते हैं। चर्चा है कि साहब तबादला सूची के बाद तय करेंगे की आखिर कौन से जिले में पोस्टिंग ले, क्योंकि पीटर साहब खाकी के बड़े अफसरों पर काफी मेहरबान हैं। ऐसे में पीटर साहब अपनी पसंदीदा अफसर की पोस्टिंग होने पर उसी जिले में पोस्टिंग लेंगे। साहब मनचाही पोस्टिंग कराने में काफी माहिर है।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

### राज्यपाल ने की उपराष्ट्रपति की अगवानी



*राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जयपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उनकी भावभीनी अगवानी की। राज्यपाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।*

### रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने ली मुख्यालय में बैठक

# नई बस खरीद का बनेगा एक्शन प्लान

**बेधड़क** | जयपुर

रोडवेज में राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति एवं नई बसों की खरीद के लिए 5 वर्ष का एक्शन प्लान बनाया जाएगा और नई भर्तियों में स्थाई एवं संविदा कर्मियों का संतुलन बनाया जाएगा।



राजस्व की गत वर्षों से तुलना कर लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए नए वैकल्पिक मार्ग तलाशने के साथ ही अन्य राज्यों में मुनाफे में चल रहे रोडवेज उपक्रमों का परफॉरमेन्स का एनालिसेस किया जाएगा। रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने शनिवार को रोडवेज मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रोडवेज की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए एवं बसों के कुशल और लाभकारी संचालन के लिए अधिकारियों की जवाबदेही बेहद आवश्यक है। बैठक में गुहा ने कहा कि निगम को राज्य सरकार के द्वारा दी गई जिम्मेदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ-साथ व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए हर दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने निगम में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों की आयु विश्लेषण एवं कंडम होने वाली बसों की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए है।

बैठक में रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने निगम की संरचना, कार्य, आय-व्यय एवं राज्य सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता, बसों की प्रति किलोमीटर लागत, आरटीडीआईएफ फंड से मिलने वाली बकाया राशि, महिलाओं और विद्यार्थियों सहित विभिन्न श्रेणियों में दी जाने वाली रियायतों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना की जानकारी दी।

### दो दिन मनाया जाएगा पर्व

# आज छाएगा पतंगबाजी का रोमांच, मकर संक्रांति का दान-पुण्य कल

**बेधड़क** | जयपुर

सूर्य आराधना का महापर्व मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को बनाया जाएगा। वहीं आज शहर में पतंगबाजी का रोमांच छाया नजर आएगा। ज्योतिषियों के अनुसार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस बार रविवार को रात 2.54 बजे सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसलिए मकर संक्रांति के निमित्त दान-पुण्य सोमवार को किया जाएगा। इस मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य का दौर चलेगा। संक्रांति को लेकर शहर में पतंगबाजी भी



परवान पर है। पतंगबाजी के शौकीन लोग मार्केट से खरीदारी करते हुए नजर आए। इस बार बाजारों में अलग-अलग रंग बिरंगी पतंगें दिखाई दीं। एक दिन पहले शनिवार को जयपुर के पतंग व्यापारियों का कहना है कि इस बार मार्केट काफी अच्छा है, बिक्री भी अच्छी खासी हो रही है। महंगाई के बावजूद लोग पतंगबाजी को लेकर उत्साहित हैं।

इधर, मौसम विभाग के मुताबिक मकर संक्रांति पर रविवार को राजस्थान में करीब आधा दर्जन जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। शेखावाटी में शीत लहर चलने की संभावना है। राहत की बात यह है कि जयपुर दिन में धूप खिलने से शहरवासी पतंगबाजी भरपूर आनंद ले सकेंगे।

### CM ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की है। शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का पर्व हमारे जीवन में उल्लास, उमंग और आशा उत्पन्न करता है। सूर्य की उपासना का पर्व मकर संक्रांति हमें जीवन में दान-पुण्य के महत्व को समझने और बेसहारा व उपेक्षित व्यक्तियों के सुख-दुःख में भागीदार बन सकारात्मक ऊर्जा के साथ कर्म करने की सीख देता है।



फोटो: पंकज शर्मा



फोटो: पंकज शर्मा

**सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा से रामाभिषेकम् उत्सव एवं विशाल आरती में आने का निमंत्रण पाकर सभी हस्तियों ने कहा- सराहनीय, बोले- राम का काम है, जरूर आएंगे।**

# रिपु रन जीति सुजस सुर गावत। सीता सहित अनुज प्रभु आवत॥
# सुनत बचन बिसरे सब दूखा। तृषावंत जिमि पाइ पियूषा॥

**भावार्थ** *शत्रु को रण में जीतकर सीता और लक्ष्मण सहित प्रभु आ रहे हैं; देवता उनका सुंदर यश गा रहे हैं। ये वचन सुनते ही भरत सारे दुख भूल गए। जैसे प्यासा आदमी अमृत पाकर प्यास के दुख को भूल जाए।*

**बेधड़क.जयपुर।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से 7 दिन पूर्व 15 जनवरी को 'सच बेधड़क' की ओर से अल्बर्ट हॉल पर रामाभिषेकम उत्सव और विशाल आरती का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर अयोध्या से लाए गए अष्ट धातु के सिद्ध रामलला और बाल हनुमान के विग्रह का अभिषेक भी किया जाएगा। इसके लिए शनिवार को सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम, भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी और कथा वाचक जया किशोरी सहित विभिन्न हस्तियों को इस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। सबने इस कार्यक्रम के लिए शर्मा की सराहना की और कहा कि यह राम का काम है, जरूर आएंगे।





















## जरूरी खबर

### तिलक सेवा के लिए बंद रहेंगे श्याम प्रभु के पट



**सीकर।** मकर संक्रांति की रात से लेकर आगामी 19.5 घंटे तक खाटूश्याम मंदिर में दर्शन बंद रहेंगे। दरअसल 16 जनवरी को बाबा श्याम की तिलक सेवा होगी। मंदिर कमेटी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 16 जनवरी को बाबा श्याम की विशेष सेवा-पूजा और तिलक किया जाएगा। ऐसे में 15 जनवरी की रात 9:30 बजे से 16 जनवरी की शाम 5 बजे तक मंदिर में दर्शन बंद रहेंगे।

### सेहत का संदेश देने के लिए आज दौड़ेगा कोटा

**कोटा।** कोटा शहर में स्वास्थ्य की जागरूकता व फिटनेस मंत्र के लिए रविवार को पैदल व साइकिल दौड़ का महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा से आयोजन किया जा रहा है। दौड़ के लिए 450 धावकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। इवेंट कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा ने बताया कि डिकेथलॉन की ओर से आयोजित इस दौड़ को रोटरी क्लब कोटा सहित कई सामाजिक संस्थाओं का सहयोगी मिल रहा है। रविवार की सुबह 6.30 बजे धावक महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा पहुचेंगे। जहां से दौड़ को हरी झंडी डीवाई एसपी राजेश डाका दिखाएंगे।

### दरगाह थाना पुलिस ने दबोचे मोबाइल चोर



**अजमेर।** ख्वाजा साहब के उर्स में चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच दरगाह थाना पुलिस ने मोबाइल चोर गैंग को पकड़ा है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पासे 24 महंगे मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपियों से चोरी के मोबाइल खरीदने वालों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मोहम्मद सलमान, अब्दुल अहमद, शकील खान, सोहेल खान, मोहम्मद अरबाज, शादाब शेख बताए गए हैं। चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए दरगाह थाना प्रभारी जगदीश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम ने 1 जनवरी से अब तक लगभग 16.90 लाख रुपए कीमत के 44 कीमती मोबाइल बरामद किए हैं।

### बाड़मेर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के मैदान पर हुई 67वीं राष्ट्रीय स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता

# प्रदेश की बेटियों ने बास्केटबॉल में सोना जीत रचा इतिहास

**बेधड़क** | बाड़मेर




जिले में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 67वीं राष्ट्रीय स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता 14 वर्ष छात्रा वर्ग में राजस्थान ने बाजी मारी है।

टीम ने बाड़मेर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के बास्केटबॉल मैदान पर शनिवार को हुए फाइनल मैच में तमिलनाडु को हराकर इतिहास रच दिया। राजस्थान की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि तमिलनाडु ने सिल्वर और महाराष्ट्र ने कांस्य पदक हासिल किया। नेशनल स्कूल गेम्स के तहत 14 वर्ष छात्रा वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को तमिलनाडु और राजस्थान के बीच खेला गया। इसमें राजस्थान ने तमिलनाडु को 30-22 के अंतर से शिकस्त दे दी। मैच की शुरुआत में तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी सांगाराम जांगिड़, रावत त्रिभुवनसिंह और भामाशाह जोगेंद्रसिंह चौहान ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक कड़ाके की ठंड के बावजूद पहुंचे थे। राजस्थान की टीम ने यशिता कंवर के नेतृत्व में विवान, दिव्यांशी आदि खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान की जीत के साथ ही मैदान में जश्न शुरू हो गया।

#### महाराष्ट्र ने गुजरात को 40-26 से पराजित किया

प्रतियोगिता में राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीता. वहीं, फाइनल हारकर तमिलनाडु की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया और दूसरे नंबर पर रही। तीसरे स्थान के लिए शनिवार को मैदान संख्या 2 पर महाराष्ट्र और गुजरात के बीच हार्डलाइन मैच खेला गया। कांस्य पदक के लिए खेले गए इस मुकाबले में महाराष्ट्र ने गुजरात को 40-26 से पराजित करते हुए प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।

#### अजेय रही राजस्थान की टीम

प्रतियोगिता के दौरान राजस्थान की टीम एक भी मैच नहीं हारी और पूरी प्रतियोगिता में टीम अजेय रही। राजस्थान की टीम ने इस टूर्नामिंट में जम्मू कश्मीर को 58-0 से, हिमाचल प्रदेश को 54-17, चंडीगढ़ को 53-24 से, केरल को 37-29 से, सेमीफाइनल में गुजरात को 35-23 और फाइनल में तमिलनाडु को 30-22 से हराकर गोल्ड मेडल जीता. राजस्थान को 14 साल बाद इस प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका मिला था, जिसे राजस्थान की जीत लिया।

#### पूरी मेहनत के साथ टीम ने किया अच्छा प्रदर्शन: यक्षिता

प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली राजस्थान की कप्तान यशिता कंवर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामिंट चुना गया। जीत के बाद कप्तान यशिता कंवर ने कहा कि आज हमने नेशनल टूर्नामिंट जीत लिया। पूरी टीम के सहयोग से यह जीत मिली है। टीम ने पूरी ताकत के साथ मैदान में अच्छा प्रदर्शन किया। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल और बाड़मेर जिला कलक्टर अरुण पुरोहित ने प्रथम रही राजस्थान, द्वितीय तमिलनाडु और तृतीय स्थान पर रही महाराष्ट्र की टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया।

### ऊंट उत्सव में पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही प्रतियोगिताएं

# ऊंटों की साज-सज्जा, फर कटिंग दौड़ और नृत्य ने किया रोमांचित

**बेधड़क** | बीकानेर

जिले के उष्ट्र अनुसंधान केंद्र के मैदान पर शनिवार को ऊंट उत्सव के दूसरे दिन कई तरह की प्रतियोगिताएं हुई। इनको देखकर देसी-विदेशी पर्यटक रोमांचित हो उठे। कभी ऊंट छलांगे मारता दिखाई दिया तो कहीं डांस करते हुए।

दिनभर चले कार्यक्रम में विदेशी और देशी सैलानियों ने जमकर लुत्फ उठाया। एनआरसीसी परिसर में ऊंटों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें ऊंट नृत्य, ऊंट दौड़, साज- सज्जा, फर कटिंग सहित अन्य रोमांचक प्रतियोगिताएं सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। इस साल पहली बार अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव में घोड़ों की दौड़ ने भी पर्यटकों को आकर्षित किया।

रेतीले धोरों में सरपट दौड़ते घोड़ों की दौड़ को देखकर सैलानी उत्साह से सराबोर हो उठे। आयोजन स्थल पर हर तरफ सजे-धजे ऊंट हर किसी को बरबस ही अपनी और खींच रहे थे। यहां पहुंचे लोग ऊंटों की सवारी करने के साथ-साथ सेल्फी लेते भी नजर आए। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने ऊंट उत्सव के दूसरे दिन एनआरसीसी में आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने सैलानियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और विभिन्न अनुसंधान केंद्रों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया।

राजौरिया ने कहा कि यहां पहुंच रहे सैलानियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

#### प्रतियोगिताओं में इन्होंने मारी बाजी

ऊंट उत्सव के दूसरे दिन आयोजित साज-सज्जा प्रतियोगिता में लक्ष्मण प्रथम, इमरान दूसरे, रिजवान तीसरे तथा बीएसएफ के चौथे स्थान पर रहा। ऊंट दौड़ प्रतियोगिता में नारायण रामसर प्रथम, इमरान बीकानेर दूसरे तथा साजिद तीसरे स्थान पर रहे। ऊंट नृत्य प्रतियोगिता में अमित कुमार प्रथम, विजेंद्र दूसरे, नंदकुमार तीसरे तथा बजरंग सिंह चौथे स्थान पर रहे। फर कटिंग में रामलाल अक्कासर प्रथम, मेगूमी जापान दूसरे, मोहन सिंह भोलासर तीसरे तथा हरिराम बीकानेर चौथे स्थान पर रहे। राजस्थानी पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी जापान की मेगूमी के साथ स्थानीय पर्यटक फोटो खींचते नजर आए। एनआरसीसी की ओर से ऊंट के दूध से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और स्टॉल्स भी सैलानियों के आकर्षण का विशेष केंद्र रही। देसी विदेशी पर्यटक ऊंट के दूध से बनी आइसक्रीम, कॉफी का आनंद लेते नजर आए।



#### ख्याल चौमासा और लावणी की प्रस्तुति

लटियाल कला केंद्र के कलाकारों ने स्वांग मेरी की रम्मत, ख्याल चौमासा और लावणी की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कलाकारों को स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया। बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। पार्षद प्रदीप उपाध्याय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रुचिका बागड़ी और अशोक बोहरा ने किया।

#### मिस्टर बीकाणा और मिस मरवण प्रतियोगिता



जयपुर-जोधपुर बाइपास स्थित राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र के मैदान पर ऊंट नृत्य, फर कटिंग, केमल सजावट, केमल रेस, हॉर्स शो हुआ। कॉमेडियन मुरारीलाल पारीक का कार्यक्रम भी हुआ। शाम चार से सात बजे तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में मिस्टर बीकाणा, मिस मरवन, मिसेज बीकाना, ढोला मरवण, लून्स ऑफ बीकानेर की प्रतियोगिताएं होंगी। करणी सिंह स्टेडियम में ही शाम सात बजे से लोक नृत्य और अन्य कार्यक्रम हुए।

### कैंसर पीड़ित युवक की मौत का मामला

# MDM अस्पताल के CMO व दो नर्सेज APO, प्रशासनिक जांच शुरू




**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के मथुरादास माथुर अस्पताल में वेंटीलेटर बंद होने से युवक की मौत के मामले में सीएमओ सहित तीन कर्मचारियों पर गाज गिरी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के शनिवार को जोधपुर पहुंचने से पहले ही अस्पताल प्रबंधन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच के बाद अस्पताल प्रबंधन ने एक सीएमओ व दो नर्सेज को एपीओ कर दिया है।

तीनों को अपनी उपस्थिति मेडिकल कॉलेज में देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा इस मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की शासन सचिव भी जांच के लिए जोधपुर पहुंचीं। इधर संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने एडीएम संजय बासु को भी इस मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। एमडीएम अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि शुक्रवार को घटना के बाद बनाई गई जांच कमेटी ने अपनी प्रारंभिक जांच में सीमएओ डॉ. कुलदीप, नर्सेज ओमाराम व मनीषा को दोषी माना है। मामले की विस्तृत जांच होने तक तीनों को एपीओ कर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मामले में प्रशासनिक जांच भी हो रही है।

गौरतलब है कि शुक्रवार तड़के एमडीएम के ट्रोमा सेंटर में करीब चार बजे बिजली गुल हो गई थी। जनरेटर चलने से पहले रेड जोन वार्ड में भर्ती लंग्स कैंसर के मरीज 24 साल के गोपाल भाटी के वेंटीलेटर का बेकअप खत्म हो गया। इससे मरीजों को परेशानी होने लगी। वार्ड में मौजूद नर्सिंगकर्मी हालात संभाल नहीं पाई और सीनियर नर्सिंग स्टाफ सो रहा था। परिजनों ने जाकर उसे उठाया भी, फिर भी वह देरी से आया। सीएमओ डॉ. कुलदीप तो ट्रोमा सेंटर से ही गायब थे। इस आपाधापी में गोपाल की मौत हो गई थी। इसको लेकर अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने प्रोफेसर डॉ. गणपत चौधरी के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई थी।

### बीजोवा व वरकाना में लगा विकसित भारत संकल्प शिविर

# योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

**बेधड़क** | रानी



निकटवर्ती ग्राम बीजोवा व वरकाना में विकसित भारत यात्रा संकल्प शिविर का आयोजन प्रधान श्यामा कंवर मेडतिया के आतिथ्य एवं तहसीलदार जितेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

शिविर में विकास अधिकारी नारायणसिंह राजपुरोहित भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधान श्यामा कंवर और तहसीदार जितेद्रसिंह ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लोगों से उनका लाभ उठान का आह्वान किया। शिविर में आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत किट वितरण किए गए। वरकाना के शिविर में विंगरला गांव के लोगों द्वारा पेयजल वितरण की अनियमितता को लेकर विकास अधिकारी को सौंपा गया। विकास अधिकारी ने 23 जनवरी तक वितरण व्यवस्था सुचारू करने के आदेश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुशीला कंवर, नायब तहसीलदार मदनसिंह राजपुरोहित, पूर्व प्रधान सुल्तान सिंह बरकाना, समिति सदस्य तेजाराम चौधरी, दिलीप सिंह राठौड़, बीजोवा मंडल संयोजक उत्तमसिह सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### विधायक गोपाल शर्मा व बालमुकुंदाचार्य ने की शिरकत

# श्रीराम गुणगान के बीच बांटे पीले अक्षत

**बेधड़क** | जयपुर



एमआई रोड स्थित श्रीअमरापुरा स्थान में शनिवार को अयोध्या धाम से आए पीले अक्षत श्रद्धालुओं को वितरित किए गए। इस दौरान यहां श्रीराम नाम की बयार बहती नजर आई। इस दौरान संतों की ओर से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया गया। श्री राम स्तुति के बाद आरती की गई।

अमरापुरा स्थान के व्यवस्थापक संत मोनूराम महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में सिविल लाइन विधायक डॉ. गोपाल शर्मा एवं हवा महल विधायक बालमुकुंदाचार्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उनका माला पहनाकर किया गया। इस दौरान विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने राममय वातावरण में भावुक होकर झांकी में उपस्थित बच्चों को उनको गले से लगाया। उन्होंने श्रद्धालुओं को अयोध्या से आए पीले अक्षत वितरित किए। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम में विहिप के चंद्र प्रकाश, पार्षद महेश कलवानी, पार्षद इंद्राज भी मौजूद रहे। स्वामी मनोहर लाल महाराज, संत मोनूराम, संत नवीन, संत गुरदास ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संतों ने कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु राम के मंदिर निर्माण में अमरापुर स्थान जयपुर की पवित्र रज भी भेजी गई थी।

### बाड़मेर-जालोर स्टेट हाईवे पर भीषण हादसा

# स्कॉर्पियो पलटने से एक का सिर कटा, दो लोग घायल

**बेधड़क** | बाड़मेर



जिले में स्टेट हाईवे पर एक भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पे हाईवे पर पांच बार पलटी खाई। इसके चलते गाड़ी चला रहे पेट्रोल पंप के मालिक का सिर कटकर धड़ से अलग हो गया और झाड़ियों में जा गिरा। हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो अन्य लोग गंभीर घायल हो गए।

हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे बाड़मेर-जालोर स्टेट हाईवे पर बालोतरा में सिणधरी वांकल माता मंदिर के पास हुआ। सिणधरी थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में सिणधरी में पेट्रोल पंप के मालिक नौसर निवासी परबत सिंह (35) उर्फ पिंटू बना की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ गाड़ी में सवार सिणधरी चारणान गांव निवासी कमल सिंह (35) और इंद्रजीत सिंह (52) घायल हो गए। इंद्रजीत सिंह भी सिणधरी का निवासी है और पेट्रोल पंप का मालिक है। परबत सिंह, कमल और इंद्रजीत शुक्रवार को सिणधरी से बाड़मेर गए थे। वहां से लौटते समय रात करीब 10 बजे सिणधरी इलाके में लूणी नदी पुलिया से पहले मंदिर के पास मोड़ पर स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई। स्पीड तेज होने के कारण स्कॉर्पियो स्टेट हाईवे से उतरकर 5 बार पलटी। हादसा इतना भीषण था कि कार चला रहे परबत सिंह का सिर कटकर झाड़ियों में फंस गया। पुलिस ने कार में ड्राइवर का धड़ देखा तो टॉर्च से सिर ढूंढा जो झाड़ियों में फंसा नजर आया। हादसे में गंभीर घायल कमल और इंद्रजीत को सिणधरी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहां से उनको प्राथमिक उपचार के बाद बालोतरा हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया। वहां इंद्रजीत का इलाज चल रहा है, जबकि कमलेश को छुट्टी दे दी गई।

#### पेड़ से टकराकर पलटी स्कॉर्पियो

पुलिस के अनुसार हादसा सिणधरी से कुछ किलोमीटर पहले ही हुआ। हाईवे से उतरकर कार पेड़ से टकराई और पांच पलटी खाने के बाद रुकी। तेज धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हम दौड़कर गाड़ी तक पहुंचे और देखा तो उसमें तीन लोग थे। दो घायल थे। परबत सिंह का सिर्फ धड़ ही था। आसपास देखा तो सिर एक झाड़ी में फंसा नजर आया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों व शव को पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस का मानना है कि मंदिर के पास तेज घुमाव है। कार की स्पीड तेज रही होगी। इसके चलते बेकाबू स्कार्पियों चार-पांच बार तेजी से पलटी। ऐसे में कांच या गेट के किनारे से सिर कटा और कार पलटने के दौरान झाड़ियों में फंस गया।

#### परबत सिंह के है सात महीने की बेटी

जानकारी के मुताबिक परबत सिंह के एक भाई की मौत भी कुछ साल पहले सड़क हादसे में हुई थी। अब परबत की भी मौत हो गई। वहीं एक भाई मुंबई में व्यापार करता है। परबत सिंह के 7 महीने की बेटी है।

### कॉलेज छात्रा की हत्या का मामला

# कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढाढ़स



**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के आसींद तहसील क्षेत्र में गुरुवार को एक कॉलेज छात्रा की गला रेतकर हत्या के मामले में शनिवार को कांग्रेस की तीन सदस्य की टीम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची। उन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और उचित न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस की तीन सदस्य की टीम में शामिल महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने मृतक छात्रा की मां को गले लगाकर सांत्वना दी। राखी गौतम ने प्रेस से बातचीत में भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े वादे करके सत्ता में आई, लेकिन हर दिन महिला अत्याचार की घटना सामने आ रही है। जिस आरोपियों ने इस छात्रा के साथ कृत्य किया उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### शिक्षा मंत्री ने उच्चाधिकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए परीक्षाओं में पारदर्शिता पर दिया जोर

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल करने वालों को नहीं मिलेगी माफी: शिक्षा मंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को उच्चाधिकार समिति की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिलावर ने कहा कि बोर्ड की परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। इनका संचालन पारदर्शी तरीके से करने तथा नकल की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली, परीक्षाओं के संचालन और प्रोटोकॉल संबंधी प्रजेंटेशन के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक, उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षाएं 29 फरवरी 2004 तथा माध्यमिक, माध्यमिक (व्यावसायिक) एवं प्रवेशिका परीक्षाएं 07 मार्च 2004 से शुरु होंगी।



## नहीं देंगे दागी कर्मचारियों को जिम्मा

शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए सभी परीक्षार्थियों के लिए यह स्पष्ट गाइडलाइन जारी की जाए कि वे परीक्षा केन्द्र पर क्या-क्या चीजें लेकर आ सकते है और क्या नहीं। नकल नहीं हो इसके लिए हर तरह की जरूरी सावधानियां बरती जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्मिकों के खिलाफ पहले से आरोप हो, विभागीय जांच प्रस्तावित हो या जिनको ब्लैक लिस्ट किया गया है, उनको परीक्षाओं से जुड़ी कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाए। वहीं आगे से जो कार्मिक परीक्षाओं में गड़बड़ी में संलिप्त पाया जाए, उससे परीक्षार्थियों को हुए नुकसान का मूल्यांकन धन के रूप में किया जाए और दोषियों से वह राशि वसूलने की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने परीक्षाओं की शुचिता को बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों, वीडियोग्राफी और माइक्रोआब्जर्वर के जरिए परीक्षा केन्द्रों की मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। उन्होंने केन्द्रों पर स्वच्छ टॉयलेट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## स्कॉलरशिप के मामलों को तवज्जो दें

उन्होंने कहा कि जिन परीक्षकों द्वारा कॉपी जांची जाती है, उनके लिए जांच के बाद कॉपी पर कार्य पूर्ण होने का समय लिखने की गाइडलाइन जारी की जाए। उन्होंने सामाजिक अधिकारिता विभाग को छात्रवृतियों का लाभ विद्यार्थियों को शीघ्रता से जारी करने तथा छात्रवृत्ति के प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।


## हरसंभव तरीके से रोकी जाए नकल

बैठक में परीक्षाओं में ब्लूटूथ जैसे इलैक्ट्रानिक गजेट्स के माध्यम से नकल की रोकथाम के लिए और अधिक प्रभावी प्रोटोकॉल लागू करने पर भी चर्चा की गई। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि इस सम्बंध में पहले से मौजूद प्रोटोकॉल की समीक्षा करते हुए पुलिस, प्रशासन एवं अन्य पक्षों से प्राप्त सुझावों के आधार पर अपडेटेड प्रोटोकॉल तैयार कर जारी किया जाएगा।

## बैठक में मौजूद रहे कई अधिकारी

बैठक में बोर्ड के प्रशासक महेश चंद्र शर्मा, आईजी लॉ एंड ऑर्डर गौरव श्रीवास्तव, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव किशोर कुमार, कॉलेज शिक्षा आयुक्त पुखराज सैन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, बोर्ड सचिव श्रीमती मेघना चौधरी के अलावा गृह एवं पंचायतीराज विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## Yuva स्टोरीज



### मोदी यूनिवर्सिटी में हुई रिसेंट टेक्नोलॉजी पर चर्चा

**जयपुर।** विभाग, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदी यूनिवर्सिटी लक्ष्मणगढ़ और यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरिशस के सयुंक्त तत्वावधान में एप्लीकेशन ऑफ रीसेंट टेक्नोलॉजीस इन साइंस, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट फॉर सोसाइटल एंड इंडस्ट्रियल डवलपमेंट विषय पर तीन दिवसीय अन्तरर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन मोदी यूनिवर्सिटी में किया गया। कार्यक्रम में एमएनआईटी के चेयरमैन और डायरेक्टर प्रो एनपी पाधी, मोदी यूनिवर्सिटी की प्रेसीडेंट प्रो शशिबाला सिंह, आईआईटी दिल्ली के प्रो एसजी देशमुख एवं प्रो रविशंकर, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस के प्रो सुरेश सेठी, यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरिशस के जनरल चेयर डीएस कैलचुर्न, प्रो प्रतीक भान्टी, प्रो जीएस डंगायच,डॉ एमएल मीणा, प्रो वीपी वानी, प्रो राकेश प्रीमी, प्रो मांगीराम उपस्थित थे।



### मकर संक्रांति पर लगाए पक्षी चिकित्सा कैंप

**जयपुर।** जयपुर राजस्थान जनमंच पक्षी चिकित्सालय के तत्वाधान में पक्षी सहायता केन्द्र की शुरूआत की है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर पतंग उड़ाने के दौरान सबसे ज्यादा पक्षी घायल होते हैं। पक्षियों के घायल होने के बाद उचित उपचार ना मिलने की दशा में पक्षी बेमौत मारे जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए राजस्थान जनमंच पक्षी चिकित्सालय की ओर से शहर भर में दो दर्जन से अधिक अस्थाई पक्षी चिकित्सालय कैम्प लगाए गए हैं। जहां अध्ययनरत पशु चिकित्सक घायल पक्षियों का उपचार करेंगे। इस पुनित कार्य के लिए पशु चिकित्सक निःशुल्क सेवा देंगे। जबकि पशु चिकित्सालय मौके पर ही इन्हें दवा उपलब्ध कराएगा। यह जानकारी संस्था के कमल लोचन ने आमजन से अपील की है कि वे जहां भी घायल पक्षियों को देखें तो संस्था के अस्थाई मेडिकल कैम्प में सूचना दें अथवा घायल पक्षी को इलाज के लिए लेकर जाएं।



### पुलिस अधिकारियों ने 500 स्वयं सेवकों को दी ट्रेनिंग

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के भूगोल शास्त्र विभाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के 500 स्वयंसेवकों को पुलिस द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक प्रोफेसर आरएन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारियों से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जानकारी ली व पूरे उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया।




### वार्षिकोत्सव में झूमे नौनिहाल

**जयपुर।** शनिवार को संबोध इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। 'जश्न ए बचपन' इंडियन फेस्टिवल की थीम पर आयोजित इस प्रोग्राम में नन्हे- मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सांस्कृतक प्रस्तुतियां दी।

रंग-बिरंगी पोशाकों में मनमोहक डांस परफॉर्म किए। लोहड़ी, मकर संक्रांति, होली, जन्माष्टमी, दीवाली जैसे त्योहारों का महत्व बताते हुए प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि नमन कंदोई और विशिष्ट अतिथि राजकुमार कंदोई ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया।

### मोटिवेशन: आईसीएआई की नेशनल कॉन्फ्रेंस 'वेदा'

# पॉजिटिव थिंकिंग रखें युवा यह सफलता का पहला मंत्र




**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय सीए संस्थान, जयपुर की ओर से बिरला ऑडिटोरियम में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 'वेदा' का शनिवार को समापन हुआ। कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन में डायरेक्टर सीए प्रकाश शर्मा ने अपने कहा कि जीवन में उच्चतम मानकों की प्राप्ति के लिए युवा हमेशा तैयार रहें। युवाओं को सकारात्मक रहते हुए जीवन के प्रति सजीव दृष्टिकोण रखने की जरूरत है। कॉन्फ्रेंस में 45 वक्ताओं ने अलग-अलग सत्रों में वर्तमान परिदृश्यों को मद्देनजर रखते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी और अपने अनुभव बांटे, जो युवाओं के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होंगे।

शनिवार को पहले सत्र को मोटिवेशनल स्पीकर जयाकिशोरी सदस्यों से रूबरू हुईं। उन्होंने मौजूद सदस्यों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए जीवन में में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जया किशोरी ने अनुभवों से बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए पॉजिटिव थिंकिंग बेहद जरूरी है। युवा आत्म निरीक्षण करें और अपनी क्षमताओं को समझें।

विकासशील से विकसित भारतः चुनौतियों और अवसर विषय पर एक अन्य सत्र में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए सुनील तलाटी और सीए नीलेश चिकम्मे ने सदस्यों से संवाद किया। जी बिजनेस के मैनेजिंग एडिटर सीए अनिल सिंघवी ने मार्केट माकेट मैट्रिक्स : कैपिटल रणनीतियों को डिकोड करने पर विचार व्यक्त किए। ईडी की संलिप्तता विषय पर आर्थिक जांच में एक नया सामान्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर पूर्व चीफ जस्टिस मुनीश्वर नाथ भंडारी, अध्यक्ष प्रेवेन्शन मनी लॉन्डरिंग एक्ट ने खुलकर संवाद किया। इन विषयों पर चर्चा करने से सभी सदस्यों ने नए और उच्चतम मानकों की दिशा में अपने ज्ञान को विस्तारित किया और समझा है कि कैसे हम अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।



### नेटवर्किंग होगी मजबूत

जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि यह कांफ्रेंस सभी सदस्यों के बीच नेटवर्किंग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ जहां सभी ने एक-दूसरे से अपने अनुभव व्यक्त करते हुए अपने विचारों को रखा और सफलता की दिशा में बढ़ने के लिए एक नया मार्ग प्रदान किया। कांफ्रेंस को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों, अतिथियों एवं वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शुभकामनाएं दी।




### अनंतम टेक उत्सव-2024

## एकेडमिक एक्सीलेंस की दिशा में काम करने की महती जरूरत: प्रो. विद्यार्थी

**बेधड़क** | बीकानेर

बीके बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रौद्योगिकी और नवाचार का चार दिवसीय उत्सव 'अनंतम-2024' का शनिवार को समापन हुआ। बीकेबीआईईटी, पिलानी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अंबरीश एस विद्यार्थी एवं निदेशक बिट्स पिलानी प्रो. सुधीर कुमार बरई थे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अंबरीश एस विद्यार्थी ने प्रतिभागियों को ज्ञान और नवाचार की खोज जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने व्यावहारिक विचार साझा किए।

मुख्य अतिथियों के साथ प्रौद्योगिकी की दुनिया में वर्तमान रुझानों, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित एक पैनल चर्चा का भी आयोजन हुआ। पैनल चर्चा ने अनंतम 2024 के प्रतिभागियों के ज्ञान और तकनीकी कौशल में वृद्धि की। अनंतम में उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रभाव से लेकर तकनीकी परिदृश्य को आकार देने में शिक्षा जगत की भूमिका तक गहन अंतदृष्टि को साझा किया गया। कुलपति प्रो. विद्यार्थी ने कहा कि अनंतम प्रौद्योगिकी महोत्सव है जिसने हमारे छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा के प्रदर्शन का समुचित अवसर प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि एकेडमिक एक्सीलेंस, प्रोडक्ट डवलपमेंट की दिशा में हैं, फैकल्टी पूलिंग पर काम करना होगा ताकि तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता का व्यापक प्रसार हो। विद्यार्थियों हेतु अनुसन्धान -प्रशिक्षण बढ़ाने, शिक्षकों के अध्यापन स्तर में गुणात्मक वृद्धि, इंजीनियरिंग के प्रचलित शिक्षा प्रणालियों में बदलाव, संसाधनों और प्रतिभाओं का आंकलन कर उन्हें कैसे तकनीकी शिक्षा के विकास में प्रवृत करना है, इस पर ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

## पंजाबी गीतों के साथ उल्लास से किया लोहड़ी सेलिब्रेशन

**जयपुर।** महात्मा ज्योति राव फुले विवि के सोडाला कैम्पस में शनिवार को धूमधाम से लोहड़ी सेलिब्रेट की गई। इस अवसर पर अग्नि प्रज्ज्वलित कर मूंगफली, रेवड़ी, गजक अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। हॉस्टल की छात्राओं ने मूंगफली, रेवड़ी एवं गजक का लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में फैकल्टी मैम्बर्स और हॉस्टल की छात्राओं ने लोहड़ी संबंधी गीत गाए एवं ग्रुप डांस किया। कार्यक्रम में पंजाबी गीतों के साथ गिद्दा पेश कर माहौल को खुशनुमा बना दिया।

### खेल जगत | 46वीं जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# जूनियर नेशनल हैंडबॉल में प्रदेश ने कायम रखा सिल्वर

**बेधड़क** | करौली

राजस्थान के जूनियर बॉयज ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को श्रीमहावीर जी (करौली) में संपन्न हुई 46वीं जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक बरकरार रखा। संघर्षपूर्ण खिताबी मुकाबले में हरियाणा ने राजस्थान को 33-31 से हराया। मध्यातंर तक राजस्थान ने 16-14 की बढ़त बना रखी थी। राजस्थान की ओर से मोहित ने 8, अजय मोयल व विक्रम ने 7-7, जसप्रीत ने 4, सुमेर ने 3 व देवेंद्र ने 2 गोल किए। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व आंध्र प्रदेश संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।



प्रतियोगिता निदेशक महेश सिंह गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता पांच दिवसीय थी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष डा. तेजराज सिंह खंगारोत थे। अध्यक्षता आयोजन समिति के संरक्षक संतराम मीणा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह थे।

राजस्थान टीम के रजत पदक जीतने पर राज्य हैंडबॉल संघ की कार्यकारिणी, साधारण सभा के सदस्यों ने टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व स्पोर्ट स्टाफ को इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई दी है।





पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

## पूर्वी चंपारण में अयोध्या के रामलला से भी बड़ा बन रहा राम मंदिर

# अद्भुत और मनोहर शिल्प का साक्षी बनेगा विराट रामायण मंदिर

*बिहार के पूर्वी चंपारण के मोतिहारी शहर में दुनिया का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर बनना प्रारंभ हो गया है। यह कैथवलिया बहुअरवा गांव में है, जिसका अनुमानित बजट 500 करोड़ है। इसे 270 फीट ऊंचा बनाने की योजना है। विशाल रामायण मंदिर के भव्यता की बात करें तो यह विश्व का सबसे बड़ा मंदिर होगा। यहां तक कि यह कंबोडिया स्थित अंगकोरवाट मंदिर से भी काफी बड़ा होगा। ये अंगकोरवाट मंदिर परिसर की ऊंचाई से लगभग दोगुना है। इसमें एक हॉल होगा जिसमें 20,000 लोग बैठ सकते हैं।*





### आत्मा को रोमांचित करेगा शिल्प और वास्तु

यह मंदिर कंबोडिया के अंगकोरवाट मंदिर और भारत के रामेश्वरम रामनाथस्वामी मंदिर और मदुरै के मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर के मनोरम शिल्प की मिलीजुली प्रतिकृति होगा। मंदिर में विभिन्न हिंदू देवताओं के 22 मंदिर मंदिर बनाए जा रहे हैं। भगवान श्रीराम और सीता की मूर्तियां यहां विशेष रूप से स्थापित होंगी। मंदिर की योजना का काम आचार्य किशोर कुणाल कर रहे हैं। यहां एक तालाब का भी निर्माण किया जाएगा, जिसकी लंबाई 800 फीट और चौड़ाई 400 फीट होगी। जिसे गंगासागर के नाम से जाना जाएगा। इस मंदिर के निर्माण के लिए ढाई साल का समय लगेगा। पटना में स्थित महावीर मंदिर ट्रस्ट की ओर से सबसे पहले पटना के जुड़वां शहर, हाजीपुर में विराट अंगकोरवाट राम मंदिर के नाम से इस परियोजना का प्रस्ताव रखा गया था। मंदिर ट्रस्ट ने पूर्वी चंपारण जिले में 161 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। और इसलिए हाजीपुर के बजाय अब यहां निर्माण हो रहा है।

### कंबोडिया सरकार का आग्रह

*मंदिर का निर्माण जून 2015 में शुरू होने वाला था, अगस्त 2012 में कंबोडिया सरकार ने अंकोरवाट की प्रतिकृति बनाये जाने पर चिंता जताई और भारत सरकार व महावीर मंदिर ट्रस्ट से अंगकोरवाट की हूबहू प्रतिकृति का निर्माण न करने हेतु कहा। इसके बाद ट्रस्ट ने मन्दिर का नाम 'विराट अंगकोरवाट राम मंदिर' से बदलकर 'विराट रामायण मंदिर' कर दिया। 13 नवंबर 2013 को बिहार के मुख्यमंत्री ने मंदिर के भावी मॉडल का अनावरण भी किया था।*

### टाटा ने संभाला जिम्मा

*टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड कंपनी को विराट रामायण मंदिर के संपूर्ण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और तकनीक के काम की जिम्मेदारी दी गई है। कंपनी को विराट रामायण मंदिर के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट यानी पीएमसी का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। 120 एकड़ भूमि वाले इस स्थल को जानकी नगर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें एक आश्रम, गुरुकुल, शैक्षणिक संस्थान, धर्मशाला, गेस्टहाउस और अन्य सुविधाएं होंगी।*

### राम के साथ विराजेंगे कृष्ण

*मंदिर में 21 देवालय, रामायण पर आधारित होंगे। विश्वामित्र आश्रम में श्रीराम की शिक्षा, अहिल्या उद्धार, धनुषभंग, राम विवाह, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, शबरी के जूठे बेर समेत रामायण के विभिन्न प्रसंगों को मूर्त रूप दिया जाएगा। 22वां देवालय गिरधर गोपाल भगवान श्रीकृष्ण का होगा। मान्यता है कि जब राम सीता माता से विवाह उपरांत अयोध्या वापस आ रहे तब भगवान की बारात दूसरे दिन यहां रुकी थी। रामायण मंदिर परिसर में विवाह घर और धर्मशाला बनेंगे।*


### दुनिया के सबसे बड़े शिवलिंग के साथ होगा सहस्त्रलिंगम

*मंदिर में स्थापित होने वाला ये शिवलिंग दुनिया में सबसे बड़ा शिवलिंग है। 33 फीट ऊंचे 33 फीट गोलाई के 210 टन वजनी विशाल शिवलिंग का निर्माण तमिलनाडु के महाबलीपुरम में करवाया जा रहा है । इसके लिए वहीं के शिल्पकारों की टीम दिनरात जुटी हुई है। इसके निर्माण के लिए महाबलीपुरम में ढाई सौ टन वजन की काले ग्रेनाइट की चट्टान को तराशा जा रहा है। मुख्य शिवलिंग के साथ सहस्त्रलिंगम तैयार करने का काम भी तेजी से चल रहा है। काले ग्रेनाइट पत्थर की चट्टान से बने आठवीं शताब्दी के बाद सहस्त्रलिंगम का निर्माण भारत में नहीं हुआ है, इसमें एक हजार छोटे शिवलिंग भी होंगे। इसे सहस्रलिंगम के रूप में जाना जाता है। श्रद्धालु 33 फीट ऊंचाई से शिवजी पर जल का अभिषेक करेंगे। सहस्त्र लिंगम पर जलाभिषेक से उनको एक बार में 1008 शिवलिंग पर जलाभिषेक का पुण्य मिलेगा। भारत में आठवीं सदी तक सहस्रलिंगम के प्रमाण हैं। दक्षिण भारत से शिवलिंग को मंदिर तक सड़क मार्ग से लाया जाएगा।*

---

कविता

## धूप का टुकड़ा





सुनील कुमार महला
साहित्यकार

शाम के साढ़े चार बज चुके हैं
एक खामोशी सी बिखरी है
दिसंबर बीत चुका है
जनवरी बर्फ गिरा रही है
कितनी संघर्षमय है पहाड़ों की जिंदगी ?
धूप का बड़ा सा एक टुकड़ा
अभी भी पहाड़ों पर विराजमान है
हर रोज धूप का टुकड़ा
जिद करता है
पहाड़ों पर उतरने की
सूरज हर रोज अपना नित्यकर्म करता है
वह धरती के कोने-कोने में अपनी
रश्मियों को पहुंचाने में लगा रहता है
यत्र-तत्र छिटका देता है
अपनी रश्मियां मार्तंड
हर रोज संघर्ष के मोर्चे खुलते हैं
सूरज को कुछ न कर पाने का गम कभी नहीं रहता
लेकिन
आदमी को
कुछ न कर पाने का गम हमेशा साथ रहता है
सूरज कर्म नहीं छोड़ता, पैर जमाए रखता है
आदमी छोड़ देता है कर्म
थोड़ी सी मुसीबतें आने पर
वह मान जाता है हार
लेकिन
मनुष्य द्वारा किया गया कर्म ही बनता है प्रारब्ध
बोया बीज ही बनता है
एक दिन फसल
कर्म ही असली जीवन है।

शब्दों की सीख

## पतंगी मन



तारावती सैनी 'नीरज'
जयपुर

मुझे अचानक याद आया कि कपड़े अभी तक बाहर ही सूख रहे हैं। मैं कपड़ों को लेने बाहर आई और देखा कि बस्ती के कुछ बच्चे एक हाथ में पतंग और दूसरे हाथ में मांझा लपेटे हुए घर के सामने खड़े होकर आसमान में उड़ती पतंगों की तरफ देख रहे थे। जैसे ही पतंग कटकर आती वह उसे लेने के लिए शोर मचाते हुए दौड़कर उसे पकड़ लेते थे। मैं उन्हें देखते हुए रस्सी से कपड़े उठा रही थी। इतने में ही कहीं से एक और पतंग कटकर आई और सारे बच्चे उसके पीछे दौड़ पड़े। लेकिन उनमें से एक छोटा सा बच्चा जो लगभग 6-7 साल का होगा वह रुक गया। उसे रुका हुआ देखकर मेरे मन में कौतूहल मच गया,अरे .....यह बच्चा उन बच्चों के बीच से रुक क्यों गया? उसके एक हाथ में नीले-हरे रंग की पतंगें थीं और दूसरे हाथ के नन्हे अंगूठे से लेकर सबसे छोटी उंगली में मांझा लिपटा हुआ था। हमारे घर के सामने एक खाली प्लॉट था जिसकी काफी ऊंची दीवार भी हो रखी थी और उसके दरवाजे के सामने एक बहुत बड़ा नीम का पेड़ था। मैंने देखा उसकी नजरें नीम के पेड़ पर उलझी हुई एक खूबसूरत पीले-लाल रंग की पतंग को देख रही थीं। पतंग पेड़ की टहनी में मांझे से उलझी बहुत ऊपर उड़ रही थी। बच्चे ने उस खूबसूरत पतंग को देखते हुए पेड़ के चार पांच चक्कर काटे शायद वह उस पेड़ का मुआयना कर रहा था कि उस पतंग को वह कैसे ले सकता है। कुछ देर के बाद उसने हाथों में लगी हुई पतंगों को नीचे रख दिया और उंगलियों से मांझा निकाल दिया। फिर उसने पेड़ में उलझी और उड़ती हुई पतंग को पतंगी मन से देखा।

मैंने सोचा कि देखती हूं कि आखिर क्या यह बच्चा पतंग लेकर जाता है या नहीं। यह सोचते हुए मैंने सारे कपड़े वापस रस्सी पर ही डाल दिए और मैं उस बच्चे की तरफ देखने लगी। मैंने देखा कि उसने 10-15 बार पेड़ पर चढ़ने की कोशिश की और हर बार नकामयाब हो जाता। कोशिशों के बाद भी बात नहीं बनी। वह अब थोड़ा थक भी गया था। वह पेड़ के नीचे उस कोने में जाकर बैठा जहां से उसे वो उड़ती हुई मनमोहक पतंग दिखाई दे रही थी। जिसे पाने के लिए उसका पतंगी मन ललायित हो रहा था। और जिसे बस वह देखे जा रहा था।

बच्चे से पतंग की ऊंचाई बहुत ज्यादा थी इसलिए मुझे उसकी कोशिश बेकार लग रही थी। लेकिन जैसे-जैसे वह पतंग हवा के वेग से लहरा रही थी उस बच्चे की आंखों में उसे पाने की उम्मीद बढ़ रही थी। बहुत देर बाद उसने इधर-उधर देखा जैसे ऐसी चीज खोज रहा हो जिसकी मदद से वह उस तक पहुंच सके। लेकिन उसे कुछ भी दिखाई नहीं दिया। जहां वह बैठा था वहां कुछ पत्थर पड़े थे यह देखते ही वह खड़ा हुआ और उसने पत्थर उठाकर उड़ती पतंग के मांझे में मारना शुरू कर दिया ताकि वह मांझा उस पत्थर से कटकर टूट जाए और वह पतंग उसे मिल जाए। लेकिन उसके छोटे-छोटे हाथों से वह पत्थर उस पतंग के मांझे तक पहुंच ही नहीं रहा था। यह सब देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने उसको थोड़ी तेज आवाज में कहा,बेटा पतंग आपके हाथ नहीं आएगी वह बहुत ऊंची है।


लेकिन उसने तो जैसे उस पतंग को पाने की जिद अपने मन में पाल ली थी। इसलिए उसने मुझसे कहा, दीदी मैं तो इस पतंग को लेकर ही जाऊंगा।इतना कहते-कहते उसने नीचे रखी पतंगों के ऊपर से मांझा लेकर उसमें एक पत्थर को बांधकर उसे ऊपर फेंकने लगा ताकि उस पत्थर के वजन से उस पतंग का मांझा कट जाए। लेकिन उस मासूम को इतनी समझ नहीं थी कि जब खाली पत्थर वहां तक नहीं पहुंच रहा था तो मांझे में बंधा पत्थर कैसे पहुंचेगा। वह कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ रहा था। थोड़ी देर रुककर उसने चारों तरफ नजरें घुमाई जो कि खाली प्लॉट की दीवार पर जा टिकीं। वह मांझे में बंधे पत्थर को ले, दीवार पर चढ़ने लगा जो कि उसके हिसाब से काफी ऊंची थी। वह कई बार फिसल कर गिरा। पर उसने हार नहीं मानी और बड़ी मशक्कतों के बाद वह उस दीवार पर चढ गया। उसने हाथ में लगे मांझे से बंधे पत्थर को ऐसे फेंका कि एक ही बार में वह पेड़ की टहनी से उलझी हुई पतंग का मांझा पत्थर के वजन से कट गया और वह पतंग हवा के रुख के साथ आगे बढ़ गई। वह झट से एक हिरन की तरह दीवार से कूदा और नीचे रखी पतंगों और मांझे को उठाकर उस पतंग के पीछे दौड़ पड़ा और वह पतंग कुछ दूरी पर जाकर गिरती इससे पहले वह दौड़ता हुआ उस तक पहुंचा उसने उस पतंग के मांझे को पकड़ लिया। फिर उसने मुड़कर मेरी तरफ देखा वह मुस्कराया मानो वह मुझसे कह रहा था "जीवन में कोई भी काम नामुमकिन नहीं है। इसलिए हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।" और फिर वह उड़ती हुई पतंग के साथ दौड़ता हुआ मेरी आंखों से ओझल हो गया। मुझे उस छोटे से बच्चे की वजह से जीवन की बहुत बड़ी सीख मिली थी।

लघुकथा

## कंबल की कद्र



एकता शर्मा
जयपुर



इस बार ठंड बहुत है पति ने धर्म पत्नी से कहा, एक कंबल और उढा दे। शिखा चुटकी लेते हुए बोली।

हां ,वह कंबल उढा देती हूं। जो पिछली मकर सक्रांति पर आपके एक रिश्तेदार ने हमें दान में दी थी।

वह झुंझलाए और बोले वह भी कोई कंबल है?

इतने पैसे वाले साधन संपन्न लोग हैं फिर भी ऐसी चीजें दान पुण्य में देते शर्म नहीं आती?

शिखा बोली और हम?तभी पतिदेव ने तुरंत ब्रांडेड कंबल मंगवाई। मेज पर रख ,उन्हें गिनने लगे। दो बहन को दे देंगे, दो बुआ को, चार गांव से आने वाली काकियों को, इस प्रकार पूरी 1 दर्जन से अधिक कंबलों का बंटवारा घर में ही कर दिया। तब शिखा नजदीक आई, मधुर स्वर में बोली। चलो प्रिय पहले खाना खा लो।

कड़ाही की पूड़ी बन चुकी थी और पतिदेव ने भरपेट भोजन किया, तब अंत में वह बोली, ससुर जी के लिए रोटी बना रही हूं क्या आप भी खाएंगे?

महाशय ने फरमाया पूड़ी मिलेगी तो हम रोटी क्यों खाएंगे?

शिखा बोली, भरपेट और पेट भर भोजन में जो अंतर होता है वही अंतर इन कंबलों की उपयोगिता में है। जिनके पेट पहले से भरे हैं उसे देकर क्या उस चीज की कद्र होती है?

जिसका पेट पहले से स्वादिष्ट भोजन से भरा है। क्या वह रोटी खाएगा ? अगली सुबह कंबल जरूरतमंद गरीबों को बांट दी गई।

### भाजपा ने छेड़ा नमो नवमतदाता अभियान: एक करोड़ मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का तय किया लक्ष्य

# पांच हजार स्थानों पर 25 को होंगे कार्यक्रम, पीएम मोदी करेंगे संबोधित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए एक नया अभियान 'नमो नवमतदाता अभियान' शनिवार को शुरू किया। अभियान की शुरुआत पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। नड्डा ने भाजपा युवा मोर्चा के सामने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस तक एक करोड़ नए मतदाताओं का पंजीयन कराकर पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। पार्टी की ओर से मतदाता दिवस पर देशभर में पांच हजार स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिन्हें पीएम मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। नड्डा ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में अभियान शुरू करते हुए देशभर से वर्चुअल जुड़े युवाओं को विकसित भारत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण बताया, नए दौर की राजनीति समझाने का प्रयास किया और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका एजेंडा सिर्फ मोदी हटाओ, परिवार व संपत्ति बचाओ है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने का पीएम का जो संकल्प है, उसे पूरा करने का माध्यम युवा ही बनेंगे। अब युवा नहीं कह सकते कि हम राजनीतिक नहीं हैं, क्योंकि जीवन के हर मोड़ पर राजनीति मिलती है। फर्क यह है कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा बदल दी है। विपक्ष को निशाने पर लेते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या मुद्दा उठाएं। वह ओबीसी की बात करते हैं, वह वोट बैंक की राजनीति करते हैं।



### विपक्षी गठबंधन इंडिया की वर्चुअल बैठक केवल रस्मअदायगी

मोदी सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए नड्डा ने चुटकी ली कि विपक्षी गठबंधन राजग की शनिवार को वर्चुअल बैठक हो रही है, क्योंकि गठबंधन ही वर्चुअल है। सिर्फ रस्मअदायगी हो रही है। उन्होंने परिवारवाद को लेकर उन्होंने कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी आदि दलों पर कटाक्ष किया। साथ ही कहा कि इन दलों के लगभग सभी नेता ईडी की जांच में घिरे हैं, जमानत पर हैं। बंगाल में साधुओं को पीटे जाने की घटना का उल्लेख करते हुए बोले कि विपक्षियों को सनातन से नफरत है, भगवा रंग से परेशानी है, जबकि सारा देश आज राममय हो रहा है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, विनोद तावड़े और भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी थे।

### देवेगौड़ा नहीं लड़ेंगे आगामी लोकसभा चुनाव



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष और देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने ने साफ किया है कि वह अपनी उम्र को देखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि वे चुनाव में उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। देवेगौड़ा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मैं अब 90 साल का हो गया हूं। हमें जो भी सीटें मिलेंगी और जहां भी जरूरी होगा, मैं वहां जाऊंगा। मेरे पास बोलने की ताकत है और स्मरण शक्ति है। इसके साथ मैं प्रचार करूंगा। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) के बीच चुनावी गठबंधन है।

### राष्ट्रपति मुर्मू को करनी चाहिए प्राण-प्रतिष्ठा: उद्धव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू के हाथों कराई जानी चाहिए। यह 'राष्ट्रीय गौरव और देश के स्वाभिमान' का मामला है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नासिक के कालाराम मंदिर में आमंत्रित करेंगे। गौरतलब है कि ठाकरे 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन ऐतिहासिक कालाराम मंदिर जाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि वह अपनी पार्टी के नेताओं के साथ गोदावरी नदी के तट पर महा आरती करेंगे। ठाकरे ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आजाद भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की मौजूदगी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था, तब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने समारोह की अध्यक्षता की थी।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक: सीटों के बंटवारे पर ठोस प्रगति नहीं

# खरगे इंडिया के अध्यक्ष, नीतीश कुमार संयोजक बनने से पीछे हटे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया की शनिवार को हुई वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संगठन का नया अध्यक्ष बनाए जाने पर आम सहमति बन गई। ऐसे में अब यह तय हो गया है कि विपक्षी मोर्चा इंडिया की कमान अब खरगे के हाथ में होगी। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की चर्चा थी। हालांकि, नीतीश कुमार ने संयोजक का पद लेने से इनकार कर दिया। नीतीश ने कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है।

गठबंधन की एकजुटता जरूरी है। जमीन पर यह गठबंधन आगे बढ़ना चाहिए। सूत्रों के अनुसार बैठक में सीटों के बटवारे पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। हालांकि, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। सूत्रों के अनुसार बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन ने गठबंधन के संयोजक पद के लिए नीतीश कुमार का नाम सुझाया था। इसके बाद यह चर्चा आगे बढ़ती कि नीतीश खुद ही पीछे हट गए। उन्होंने कहा,सीट शेयरिंग का सर्वमान्य फॉर्मूला अपनाया जाए। इसके बाद वर्चुअल मीटिंग में मौजूद दलों ने सर्वसम्मति ने खरगे को अध्यक्ष पद सौंप दिया। खरगे ने मीटिंग के बाद अपने ट्वीट में कहा, समन्वय समिति के नेताओं ने शनिवार को ऑनलाइन मुलाकात की है। इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के बीच सार्थक चर्चा हुई है। राहुल गांधी ने सभी सहयोगी दलों को अपनी सुविधानुसार 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।





### योजना तैयार करने के लिए बनाई समिति

बैठक के बाद राकांपा के संस्थापक शरद पवार ने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में शनिवार को इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। इसमें जल्द से जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला करने पर बातचीत हुई। कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि गठबंधन का नेतृत्व खरगे को करना चाहिए। इस पर सभी सहमत हुए। हमने आने वाले दिनों में योजना बनाने के लिए एक समिति भी बनाई। सभी ने सुझाव दिया कि नीतीश कुमार को संयोजक के रूप में जिम्मेदारी लेनी चाहिए, लेकिन उनकी राय है कि जो पहले से ही प्रभारी है, उसे बने रहना चाहिए।

### ममता, उद्धव व अखिलेश शामिल नहीं

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राकांपा के संस्थापक शरद पवार, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, माकपा के नेता सीताराम येचुरी, तमिलनाडु के सीएम और डीएमके के अध्यक्ष एम के स्टालिन समेत 14 पार्टियों के नेता शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे और सपा नेता अखिलेश यादव बैठक में शामिल नहीं हुए। ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें बैठक की जानकारी देरी से मिली, इसलिए वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं। ज्ञात रहे कि सीटों के बंटवारे को लेकर टीएमसी और कांग्रेस के नेताओं के बीच हाल ही में तीखी बयानबाजी हुई है।

### गठबंधन के सामने सीटों का बंटवारा बना अहम चुनौती

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अध्यक्ष चुनना विपक्षी गठबंधन के सामने आने वाली कई चुनौतियों का केवल एक पहलू है। उन्हें अभी भी सभी दलों के बीच सीट बंटवारे के बेहद ही अहम मुद्दे से निपटना है।

### नीतीश के नाम से ममता असहमत!

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने पहले ही ममता बनर्जी को नीतीश की उम्मीदवारी के बारे में बता दिया था। जिस पर ममता ने अपनी असहमति जाहिर कर दी थी। इस असहमति पर गठबंधन के सदस्यों ने ममता बनर्जी को मनाने के लिए केजरीवाल और पवार को जिम्मेदारी सौंपी है। यह माना जा रहा था कि बैठक में नीतीश कुमार के लिए कोई जिम्मेदारी की घोषणा जरूर होगी, इसलिए ममता ने पहले ही दूरी बना ली है। ममता ने गठबंधन में रहकर विरोध की जगह यह रास्ता अपनाया है।

### कांग्रेस और 'आप' की बैठक

# सीटों के बंटवारे पर टटोले सहमति के सूत्र





**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों सीटों के बंटवारे को लेकर जारी मंत्रणा के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक की। बैठक मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। बैठक में पार्टी के नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर आप नेताओं के साथ बैठक हुई थी।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा,अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी से केवल शिष्टाचार मुलाकात हुई। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस और आप में दिल्ली, गोवा, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए सीट शेयरिंग पर फॉर्मूला तय होना है। दोनों दलों के बीच इसे लेकर कई दौर की बैठकें पहले भी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में दोनों पार्टियों के बीच वहां की 7 सीटों में से 4:3 के फॉर्मूले पर सहमति की ओर बढ़ने की संभावना है। हालांकि अभी यह तय होना शेष है कि कौन सी पार्टी 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कौन सी 3 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेगी।

सूत्रों की मानें तो दोनों दलों के बीच पंजाब को छोड़कर अन्य राज्यों पर सहमति बन गई है। बताया जा रहा है कि पंजाब में आप और कांग्रेस अलग-अलग लड़ेंगे, लेकिन दिल्ली में भाजपा का मिलकर मुकाबला किया जाएगा। आप ने कांग्रेस से दिल्ली-पंजाब के अलावा हरियाणा, गोवा और गुजरात में सीटें मांगी थीं। सूत्रों के मुताबिक गुजरात विधानसभा में पांच सीटें जीतने वाली 'आप' को कांग्रेस भरूच सीट देने को तैयार है, जहां से पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल ने चैतर वसावा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। हालांकि, गोवा और हरियाणा में कांग्रेस कोई सीट देगी या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। 'आप' और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को भी सीटों के बंअवारे पर चर्चा की थी।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए जारी है निमंत्रण का सिलसिला

# नड्डा, शाह व राजनाथ को भी न्योता

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या के राम मंदरि में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वशिष्ट अतिथियों के आमंत्रण की कड़ी में शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमति शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी न्योता दिया गया है। जेपी नड्डा ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वह कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या जाएंगे। शाह और राजनाथ सिंह ने कहा कि वे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से चर्चा करके आने और दर्शन करने की तारीख शीघ्र तय करेंगे। इस अवसर पर विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार और मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विहिप ने एक्स पर पोस्ट में भाजपा नेताओं को निमंत्रण सौंपे जाने की जानकारी दी।



### मंदिर निर्माण पूरा होने दें, मैं अयोध्या जाऊंगा: थरूर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने इसे भाजपा के लिए राजनीतिक लाभ प्राप्त करने वाला कार्यक्रम बताया है। थरूर ने कहा, लोकसभा चुनाव खत्म होने दीजिए और मंदिर का पूर्ण निर्माण होने दीजिए। मैं एक आस्तिक के रूप में अयोध्या जाउंगा. मैं काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करूंगा। एक आस्तिक के रूप में प्रार्थना करने के लिए वहां जाने में कुछ भी गलत नहीं है।

### पिछले चुनावों के आधार पर सीटों का बंटवारा चाहते हैं अखिलेश

# सपा ने गठित किया 5 सदस्यीय पैनल

**एजेंसी** | लखनऊ

सपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठकों में सीटों के बंटवारे के फार्मूले पर चर्चा के लिए पांच सदस्यीय पैनल घोषित कर दिया है। मुख्य जिम्मा पार्टी वरिष्ठ नेता व प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव को सौंपा है। यादव के साथ पैनल में राज्यसभा सदस्य जावेद अली, वरिष्ठ विधायक लालजी वर्मा, विधायक संग्राम सिंह यादव व पूर्व विधान परिषद सदस्य उदयवीर सिंह शामिल हैं। अखिलेश ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर सीटों के बंटवारे पर बातचीत करने के लिए बने इस पैनल की जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार अखिलेश यादव का मानना है कि वर्ष 2019 व 2022 चुनाव के आधार पर सीटों के बंटवारे पर फैसला किया जाए। अखिलेश यह बात कई बार कह चुके हैं कि इंडिया गठबंधन में सहयोगियों को सीटें मिलने का आधार 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 में उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव होगा। उधर, कांग्रेस लगातार 35 से ऊपर सीटें लड़ने की बात कह रही है। मालूम हो कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में एकमात्र सीट मिली थी। यह सीट रायबरेली से सोनिया गांधी ने जीती थी। राहुल गांधी खुद अमेठी से अपनी सीट हार गए थे।



### पीडीए युवाओं को रोकने के लिए लाई गई है अग्निवीर योजना

अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर योजना पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक)युवाओं को सेना में जाने से रोकने के लिए लाई गई है। भाजपा सरकार जानती है सेना में पीडीए के लोग ज्यादा हैं। पहले उन्हें सेना की नौकरी मिल जाती थी तो घर में खुशहाली आती थी। भाजपा सरकार ने जानबूझकर अग्निवीर योजना लाकर इन नौजवानों को अपमानित करने का काम किया है। प्रयागराज के एक हॉस्टल में छात्रों की सुविधाओं में कटौती पर कहा कि पीडीए का बजट काटकर उसे विशेष आयोजनों पर लगाया जा रहा है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# अतिथियों को भेंट की जाएगी 'रामरज', प्रसाद में देंगे मोतीचूर के लड्डू

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों जोरशोर से रही हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा में समारोह में आने वाले विशिष्ट मेहमानों को उपहार में 'रामरज' दी जाएगी। ट्रस्ट की ओर से सभी मेहमानों को यादगार उपहार देने की योजना बनाई गई है। सभी अतिथियों को राम मंदिर की खुदाई में निकली मिट्टी (रामरज) उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। प्रसाद के रूप में सभी अतिथियों को देसी घी से बने विशेष मोतीचूर के लड्डू भी दिए जाएंगे। राम जन्मभूमि की मिट्टी को विशेष बक्से में सावधानीपूर्वक पैक किया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जूट के थैले में 15 मीटर की राम मंदिर की तस्वीर भेंट की जाएगी।



### अंदर-बाहर लग रहीं 1000 मूर्तियां

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के प्रतिमा विज्ञानियों और नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट्स के डायरेक्टर जनरल की देखरेख में अयोध्या के भव्य राम मंदिर में मूर्तियां लगाई जा रही हैं। सभी मूर्तियां शास्त्र सम्मत रहें, इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। भूतल पर जो मंदिर बना है, उसके आंतरिक और बाहरी हिस्से में छोटी-बड़ी करीब एक हजार से ज्यादा मूर्तियां लगी हैं। हर खंभे पर आठ देवताओं की मूर्तियां लगाई गई हैं। स्तम्भ पर छह से सात इंच, स्तम्भ के ऊपर एक से डेढ़ फीट और आंतरिक हिस्से में कई जगह चार फीट की मूर्तियां लगी हैं। राम मंदिर में लगने वाली मूर्तियां शास्त्र सम्मत रहें, इसके लिए आइकोनोग्राफी का सहारा लिया जा रहा है। एक-एक मूर्ति का अध्ययन किया जा रहा, फिर लगाने की औपचारिकता पूरी की जा रही है। विज्ञानी मूर्तियों को प्रमाणित करते हैं, फिर मूर्तिकार उसे तराशते हैं।

### काशी से भेजी गई हवन सामग्री

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए शुक्रवार को काशी से हवन सामग्री भेजी गई। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व महिलाओं ने जय श्रीराम के जयघोष के बीच राम पताका लहराया और नारियल फोड़कर वाहन को रवाना किया। कन्हैयालाल सिंह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य पुरोहित पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित, पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ तथा सहायक आचार्य पंडित गजानंद ज्योतकर के निर्देशन में हवन पूजन व सामग्री तैयार किया गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा के लिए भेजी गई ये सामग्री

कन्हैयालाल सिंह ने बताया कि रामलला के लिए अलग-अलग मौसम के अनुसार वस्त्र, 11 सौ कलश, यज्ञ पात्र, अरणि मंथा, शंख चक्र, गदा, पद्य, 51 प्रकार की सप्तधा औषधियां, सात तरह की मिट्टी, सप्तधान्य, नवरत्न, पंचरत्न, अष्टगंध चंदन, 1000 छिद्र वाला कलश, 151 गो मुखी रुद्राक्ष, यज्ञ पात्र सहित अन्य सामग्री भेजी गई है।

### मॉरीशस: 22 को 2 घंटे का अवकाश

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन के मौके पर मॉरीशस सरकार ने भी सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। देश की सरकार ने मॉरीशस में काम करने वाले हिंदुओं के लिए 22 जनवरी को दो घंटे की अवकाश की घोषणा की है। ताकि वो प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर वहां होने वाले आयोजनों में शामिल हो सकें। मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ के नेतृत्व में मॉरीशस कैबिनेट ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी थी।

## जरूरी खबर

### शास्त्रीय गायिका डॉ. प्रभा अत्रे का निधन



**पुणे।** प्रख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. प्रभा अत्रे का यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से शनिवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उनके करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शास्त्रीय संगीत के किराना घराने का प्रतिनिधित्व करने वाली अत्रे को भारत सरकार ने तीनों पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया था। सूत्रों के अनुसार अत्रे को पुणे स्थित उनके आवास पर सोते समय दिल का दौरा पड़ा था।

### भारत-जापान के तटरक्षक बलों ने किया युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और जापान के तटरक्षक बल के बीच सैन्य युद्धाभ्यास सहयोग-काइजिन किया जा रहा है। यह अभ्यास चेन्नई के तट पर हिंद महासागर में हो रहा है। इसमें भारतीय तटरक्षक के 9 जहाज और छह एयरक्राफ्ट शामिल हैं। वहीं, जापानी तटरक्षक बल का जहाज याशिमा इस युद्धाभ्यास में शामिल है। युद्धाभ्यास के लिए जापान तटरक्षक बल का जहाज याशिमा शुक्रवार को चेन्नई पहुंचा। भारत और जापान के तटरक्षक बलों के बीच सहयोग-काइजिन युद्धाभ्यास को लेकर साल 2006 में समझौता हुआ था। इसके बाद से लगातार दोनों देश इस युद्धाभ्यास को करते हैं।

### नाबालिग से रेप के आरोपी को मिली जमानत



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 13 साल की नाबालिग बच्ची से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए गए महाराष्ट्र के एक व्यक्ति को जमानत दे दी है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के ने कहा कि लड़की नाबालिग थी, लेकिन उसने पुलिस को बताया कि उसने अपनी मर्जी से अपना घर छोड़ा और आरोपी नितिन ढाबेराव के साथ रहने लगी। हाई कोर्ट ने नितिन को राहत देते हुए कहा कि आवेदक की उम्र 26 साल है। दोनों प्रेम संबंधों के कारण साथ आए। हाई कोर्ट ने कहा, ऐसा लगता है कि यौन संबंध की कथित घटना दो युवाओं के बीच आकर्षण के कारण हुई और ऐसा नहीं है कि आवेदक ने वासना के कारण पीड़िता का यौन शोषण किया।

## शहीदों को नमन




*नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरिकुमार और वायुसेना अध्यक्ष एयरचीफ मार्शल वी आर चौधरी ने सेना दिवस से पूर्व शनिवार 13 जनवरी को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। देश में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है।*

### महादेव सट्टा ऐप मामले में दो और गिरफ्तार




**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी दोनों लोगों से इस मामले में पूछताछ करेगी। ईडी की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने दोनों आरोपियों को 17 जनवरी तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। आरोपितों में रायपुर निवासी अमित अग्रवाल और कोलकाता निवासी नवीन उर्फ नितिन टीबरेवाल शामिल है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक डॉ. सौरभ कुमार पांडेय ने बताया कि महादेव एप सट्टेबाजी मामले की जांच में दोनों आरोपियों के नाम सामने आए थे। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी सट्टेबाजी में लाखों रुपये लगाने का काम कर रहे थे। ठोस सबूत मिलने पर दोनों को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया गया था।

## अपहरणकर्ता होने के संदेह में कर दिया हमला

# गंगासागर जा रहे तीन साधुओं के साथ प.बंगाल में मारपीट

■ भाजपा-टीएमसी का एक दूसरे पर सियासी हमला

**एजेंसी** | कोलकाता

उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल के गंगासागर मेले में जा रहे तीन साधुओं पर पुरुलिया में भीड़ ने मारपीट की। घटना का एक वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि भीड़ ने साधुओं के अपहरणकर्ता समझकर उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर भाजपा और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने एक दूसरे पर सियासी हमले किए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक , साधुओं के साथ जा रहे एक व्यक्ति ने अपने दो बेटों के साथ मकर संक्राति पर गंगासागर जाने के लिए वाहन बुक किया था। साधुओं ने पुरुलिया जिले में तीन किशोर लड़कियों से रास्ते के बारे में पूछा। पूलिस के अनसुारलड़कियां संभवतः डर गई और चिल्लाईं। इस पर लोगों ने इन्हें अपहरणकर्ता समझा और मारपीट शुरू कर दी। पुरुलिया पुलिस के मुताबिक, भाषा की समस्या को लेकर साधुओं और कुछ स्थानीय लड़कियों के बीच गलतफहमी हो गई। इससे वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और साधुओं के साथ मारपीट की गई।



### भाजपा ने साधा ममता सरकार पर निशाना

बाद में घटना का वीडियो वायरल होने पर भाजपा ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए पूछा कि आखिरकार बंगाल में यह माहौल क्यों है? उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया है और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है। ठाकुर ने आगे कहा, पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है।

### टीएमसी ने किया पलटवार

दूसरीओर टीएमसी नेता शशि पांजा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि वह (भाजपा) हमेशा जवाबदेही से बचती है। भाजपा इस घटना को गलत तरीके से पेश करने और हमें बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

## भारत ने जताया कड़ा विरोध

# ब्रिटिश उच्चायुक्त की PoK यात्रा अस्वीकार्य

**एजेंसी** | नई दिल्ली



भारत सरकार ने पाकिस्तान में ब्रिटेन के उच्चायुक्त जेन मैरियट की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की यात्रा पर विरोध जताया है और इसे आपत्तिजनक बताया गया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का इस तरह का उल्लंघन पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इस मामले पर विदेश सचिव ने भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध भी दर्ज कराया है। विदेश सचिव के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं और रहेंगे।

### मीरपुर दौरे की तस्वीरें की साझा

मैरियट ने सोशली मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में 10 जनवरी को मीरपुर की यात्रा की कई तस्वीरें को साझा की। उन्होंने कहा था, 'मीरपुर से सलाम, ब्रिटेन और पाकिस्तान के लोगों के बीच संबंधों का दिल! 70 फीसदी ब्रिटिश पाकिस्तानी मूल रूप से मीरपुर से हैं, जिससे हम सभी का साथ मिलकर काम करना प्रवासी हितों के लिए अहम है।

### पाकिस्तान के राजनीतिक दलों से मुलाकात

जेन मैरियट ने इससे पहले 8 जनवरी को भी एक पोस्ट शेयर की थी। इसमें उन्होंने लिखा था, अभी मैं कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में सभी खास राजनीतिक दलों के साथ मुलाकात कर रही हूं। आगामी 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव पाकिस्तान के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## पीर पंजाल इलाके में आतंकवादियों को बनाएंगे निशाना

# J&K में चलेगा ऑपरेशन सर्वशक्ति

**एजेंसी** | जम्मू

सेना ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने की पाकिस्तान की कोशिशें को विफल करने के लिए एक बड़ा अभियान 'ऑपरेशन सर्वशक्ति' शुरू कर रही है। इसके तहत सुरक्षा बल राज्य में पीर पंजाल पीर पंजाल पर्वतमाला के दोनों ओर सक्रिय आतंकवादियों को निशाना बनाएंगे। सूत्रों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप और खुफिया एजेंसियां केंद्र शासित प्रदेश, खासकर राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के पाकिस्तानी मंसूबों को विफल करने के लिए काम करेंगी। हाल के दिनों में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों ने राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकी गतिविधियों को फिर से शुरू करने की कोशिश की है।



इससे पहले 2003 में पीर पंजाल रेंज के दक्षिण में इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सर्पविनाश शुरू किया गया था।

### मुंबई से गुवाहाटी जा रही फ्लाइट ढाका डायवर्ट

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में खराब मौसम के कारण मुंबई से गुवाहाटी आ रही इंडिगो की फ्लाइट को ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। खराब मौसम के कारण फ्लाइट 6ई 5319 को बांग्लादेश के ढाका की ओर मोड़ दिया गया था। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि गुवाहाटी जाने वाली फ्लाइट में सवार एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि 'घने कोहरे' के कारण फ्लाइट को ढाका की ओर मोड़ दिया गया था। सभी यात्री विमान के अंदर रहे थे, क्योंकि उनके पास पासपोर्ट नहीं था।

## अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि भारत दौरे पर



*नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका की व्यापार प्रतिनिध कैथरीन तई और उनके प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में आयोजित भोज के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधि के साथ। तई, भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच की बैठक के सिलसिले में नई दिल्ली आई थीं।*

## राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का दावा

# शहरों में चलेंगी ड्रोन टैक्सी, जाम से मिल सकेगी निजात

**एजेंसी** | नागपुर

केंद्रीय राजमार्ग व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि आने वाले समय में छोटी दूरी की यात्रा तय करने के लिए शहरों में पैसेंजर ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इन ड्रोन में चार लोग तक यात्रा कर सकेंगे।

विशेष रूप से यह सुविधा सिटी सेंटर से एयरपोर्ट तक के लिए उपलब्ध होगी। गडकरी ने यह भी कहा कि वह शुगर फैक्टरी में बायो एविएशन फ्यूल तैयार करने के लिए प्रयोग करा रहे हैं और वह आश्वस्त हैं कि शीघ्र ही इसे तैयार कर लिया जाएगा। गडकरी ने शुक्रवार को एयरक्राफ्ट मेंटिनेंस रिपेयर ऐंड ओवरहॉल डिपो के एक कार्यक्रम में यातायात के क्षेत्र में बड़े बदलाव की ओर इशारा करते हुए पैसेंजर ड्रोन का विचार रखा। उन्होंने एमआरओ सेक्टर की ग्रोथ को लेकर कहा कि यह भविष्य के लिए बेहद भरोसेमंद उद्योग है। 2013 से ही विंग डिजाइन में हो रहे परिवर्तन पैसेंजर ड्रोन का रास्ता बना रहे हैं। फ्लैपिंग विंग प्रप्शन सिस्टम भी इस बात की उम्मीद जता रहा है कि आने वाले समय में पैसेंजर ड्रोन का सपना साकार होने वाला है।

ज्ञात है कि इस समय ज्यादातर वाणिज्यिक ड्रोन पैकेज डिलिवरी के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इनकी एक सीमित क्षमता होती है। अब इस तरह के ड्रोन बनने लगे हैं जो कि इंसानों को भी ले जा सकते हैं। हालांकि मार्केट में इनकी उपलब्धता नहीं है।

जानकारों का कहना है कि पैसेंजर ड्रोन का इस्तेमाल छोटी यात्रा या फिर आपातकालीन यात्रा के लिए किया जा सकता है। यह सपना 2026 तक साकार हो सकता है।



### गन्ने-चावल से बनेगा विमानों के लिए बायोफ्यूल, धान के किसानों को भी होगा फायदा

गडकरी ने बायोफ्यूल की बात करते हुए कहा कि शुगर फैक्ट्री में अनुसंधान चल रहा है कि किस तरह से विमानों के लिए बायोफ्यूल तैयार किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही टुकड़ी चावल(ब्रोकन राइस) से भी एविएशन बायोफ्यूल बनाने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। यदि इसमें सफलता मिलती है तो इससे धान के किसानों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि 2026 तक बायो एविएशन फ्यूल का भी इस्तेमाल शुरू हो सकता है।

## जयशंकर की चीन को दो टूक...

# सीमा मसले के हल के बिना रिश्ते सामान्य नहीं

**एजेंसी** | नागपुर



विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दावा किया कि दुनिया में कोई भी बड़ा मुद्दा भारत के साथ परामर्श के बिना तय नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब हम बदल गए हैं और हमारे प्रति दुनिया का नजरिया भी बदल गया है। जयशंकर ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने भारत और चीन के संबंधों पर कहा कि मैंने अपने चीनी समकक्ष को समझाया है कि जब तक सीमा मसले का कोई समाधान नहीं मिलता है, अगर सेनाएं आमने-सामने रहेंगी और तनाव होगा तो आपको यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि बाकी संबंध सामान्य तरीके से आगे बढ़ेंगे, यह असंभव है। उन्होंने गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प का भी जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले तीन साल से दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हैं। तनाव बना हुआ है। इस बात को स्वीकार करने में उन्हे कोई हिचक नहीं है।

### अमीषा पटेल ने बेस्ट एंड सेलिब्रेटिड टूरिज्म अचीवर्स को अवॉर्ड से नवाजा

# टूरिज्म संग वेडिंग इंडस्ट्री भी होगी ग्रो

## सच बेधड़क न्यूज पेपर के विजय सिंह को मिला सीनियर जर्नलिस्ट अवॉर्ड

**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा और वेडिंग इंडस्ट्री भी तेजी से प्रमोट होगी। इसके लिए देश भर के विशेषज्ञ एक मंच पर आए और उन्होंने चर्चा की। साथ ही बेस्ट अचीवर्स को अलग-अलग कैटेगिरीज में अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। मौका था भारत के टूरिज्म व बिजनेस के बेस्ट एंड सेलिब्रेटिड अचीर्वस को ऑनर करने के लिए इनक्रेडिबल इंडिया के सहयोग से शुभ वेडिंग्स द्वारा शुभ टूरिज्म बिजनेस कॉन्कलेव अवॉर्ड्स-2024 का। प्रोग्राम में 'सच बेधड़क' न्यूज पेपर के सीनियर जर्नलिस्ट विजय सिंह को भी बेस्ट सीनियर जर्नलिस्ट के अवॉर्ड से नवाजा गया। सिंह ने अमीषा से बॉलीवुड और उनकी मूवी गदर-2 पर चर्चा की।






### इनको मिला उद्योग रत्न अवॉर्ड

होटल गठबंधन पैलेस में वेडिंग टूरिज्म, टूरिस्ट, मेडिकल टूरिज्म, एजुकेशन टूरिज्म को बड़ावा दिया है, उनको उद्योग रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। इनमें मुख्यत: अनूप बरतरिया, केसी मालू, सुरजा राम मील, नेहा चुगानी (डायरेक्टर, सोना सिक्का), राखी कांकरिया, अजय अग्रवाल, कुंवर राजेंद्र सिंह पचार और सुरेश पोद्दार शामिल थे।

### अमीषा ने जाहिर की खुशी

अवॉर्ड देने आई बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा ने जयपुर आकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कुछ ही समय कदर-2 लेकर जयपुर आई थीं और यहां के लोगों से ऐसा प्यार मिला कि मूवी सुपर-डुपर हिट हो गई। अब यहां के लोगों को अवॉर्ड देकर खुश हूं। शुभ वेडिंग्स के डायरेक्टर्स राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि अमीषा पटेल व चीफ गेस्ट रीजनल डायरेक्टर इंडियन टूरिज्म आर के सुमन ने विभिन्न कैटेगैरीज में टूरिज्म और बिजनेस अवॉर्ड्स दिए। निखिल गोधा, सीए ऋषि अग्रवाल, इंद्रप्रीत सिंह, किरण राठौड़, ममता गहलोत, अमित गोयल, श्याम प्रताप सिंह, डॉ. अनिल नायर, हर्ष वर्मा, मनिका कर्णावत, सीए अंजलि जैन, कल्पना बामिल, आर के जेम्स, राजेंद्र बिलोनिया, सीए तन्मय सैनी, अमन भारद्वाज, जीतेन्द्र खंडेलवाल, वीरेंद्र सिंह परमार आदि शामिल थे।

## संक्रांति के महत्व पर संगोष्ठी



**बेधड़क. जयपुर।** यज्ञ फाउंडेशन के तत्वावधान में होटल ग्रांड सफारी में मकर संक्रांति के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विशिष्ट पर्व के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक पक्ष पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि रेवासा पीठाधीश्वर डॉ. राघवाचार्य वेदांती ने कहा कि संक्रांति का अर्थ 'सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण है। एक संक्रांति से दूसरी संक्रांति के बीच का समय ही सौर मास है। पूरे वर्ष में कुल 12 संक्रांतियां होती हैं। इनमें से 4 संक्रांति मेष, कर्क, तुला और मकर संक्रांति महत्वपूर्ण हैं। पौष मास में सूर्य का धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश मकर संक्रान्ति रूप में जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार देवताओं के दिन की गणना इस दिन से ही प्रारम्भ होती है। सूर्य जब दक्षिणायन में रहता है तो उस अवधि को देवताओं की रात्रि व उत्तरायण के छ: माह को दिन कहा जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति युवा संस्था अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने की। समाजसेवी पवन गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. केके पाठक रहे। जोधपुर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बनवारी लाल गौड़ ने भी विचार व्यक्त किए।

## जरूरतमंदों के बीच लंगर प्रसादी के साथ मनाई लोहड़ी



**बेधड़क. जयपुर।** लेडीज सर्किल 117 ने लंगर कर लोहड़ी मनाई। अन्न दान-महा दान के चलते हुए 400 से अधिक लोगों के लिए लंगर कड़ा प्रसाद के साथ बनाया गया। चेयरपर्सन मेघा गुप्ता ने बताया कि लेडीज सर्किल हर महीने में 2-3 सोशल एक्टिविटीज करता है। इस बार लोहड़ी स्पेशल में बच्चों के साथ लंगर सेवा की और उनको इस दिन का महत्व समझाया। इस मौके पर प्रियंका कोठारी, दीप्ति टोशनीवाल, शैली मित्तल, परी गुप्ता, नेहा कपूर, राशि कोठारी ने सेवा की।

## City इवेंट्स

### बर्ड रेस्क्यू कैंप का पोस्टर जारी




**बेधड़क. जयपुर।** शौर्य सेवा संस्था की ओर से मकर संक्रांति पर मांझे से घायल होने वाले पक्षियों के इलाज के लिए लगाए जाने वाले कैंप के पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया। कैंप संयोजक भवानी शंकर माली ने बताया कि संस्थान सेंटर गुर्जर थड़ी पर 2 वेटरनरी डॉक्टर व 10 सहायकों के द्वारा घायल पक्षियों का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। साथ ही महेश नगर 80 फीट रोड, किरण पथ मानसरोवर, रीको कांटे के सामने 14, 15 जनवरी को अस्थाई कैंप व रेस्क्यू टीम है। संस्थान सचिव संतोष सैनी बताया कि घायल पक्षी रेस्क्यू के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किए है। वॉलंटियर्स घायल पक्षियों को इलाज के लिए शिविर तक लेकर आएंगे। 0141-2503660-गुर्जर की थड़ी, 9214587799-महेश नगर, 9785899922-किरण पथ मानसरोवर 9314632200-रीको कांटा और अन्य 9782732614 पर सूचना दी जा सकती है।

### महेंद्र भट्ट स्मृति संगीत प्रतियोगिता 26 से

**बेधड़क. जयपुर।** दर्शक संस्था की सालाना महेन्द्र भट्ट स्मृति संगीत व नृत्य प्रतियोगिताएं इस बार 26 से 30 जनवरी तक होगी। प्रतियोगिता संयोजक राजीव भट्ट और प्रोमिला राजीव ने बताया कि 5 दिनों तक मालवीय नगर के गोविंद मार्ग स्थित दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड डांस ऑडिटोरियम में सुबह 11 से रात 8 बजे तक लोक, सुगम और शास्त्रीय गायन के अलावा बॉलीवुड डांस और देश भक्ति गीत-नृत्य में देश के विभिन्न भागों से हजारों प्रतियोगी शामिल होंगे। प्रतियोगिता कई चरणों में होगी, जिसमें शहर के प्रतिष्ठित संगीत गुरू प्रतियोगियों की स्किल का कड़ा इम्तिहान लेंगे। विजेताओं को सुर नूर गायन, सुर नूर वादन, सुर नूपुर नृत्य सहित कई अवॉर्डों से नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता में सिरमौर रहे एक प्रतियोगी को दर्शक कॉलेज के मानद चेयरमैन रहे नील बहादुर सिंह कार्की की स्मृति में 25 हजार रुपए व तीन प्रतियोगियों को तीन-तीन हजार के नकद पुरस्कार उनके पुत्र व कॉलेज के मानद चेयरमैन ध्रुव कार्की प्रदान करेंगे।

### नाटक 'आधे अधूरे' का मंचन



**बेधड़क. जयपुर।** एक माध्यम वर्गीय परिवार की विसंगतियों को उजागर करते और पूर्णता की व्यर्थ तलाश में भटकती सावित्री की मनोदशा को मंच पर अभिनय के जरिए चित्रित किया गया। मौका था नाटक आधे अधूरे का, जो शनिवार शाम रवींद्र मंच पर साकार हुआ। सावित्री, महेंद्रनाथ और उनके तीन बच्चों की कहानी पर आधारित नाटक का लेखन मोहन राकेश ने किया और निर्देशन डॉ. सौरभ भट्ट का रहा। वीणापाणि कला मंदिर और रत्ना सागर के सहयोग से मंचित नाटक में झिलमिल भट्ट, विशाल भट्ट, मोहित कृष्णा, चारु भाटिया, सरगम भट्ट और तपन भट्ट ने अपने अभिनय से किरदारों में जान फूंक दी।

### नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम

## समाजोत्थान पर चर्चा के लिए जुटे 75 संगठनों के पदाधिकारी



**बेधड़क | जयपुर**

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से शनिवार को स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा गया। इसमें अनुसूचित जाति के 75 सामाजिक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों और सोसायटी के जिला शाखाओं के पदाधिकारी शामिल हुए। सबने समाज के उत्थान पर चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला व बाल विकास विभाग राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार तथा विशिष्ट अतिथि बयाना रूपवास विधायक डॉ. ऋतू बानावत रहे। अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष साइबर क्राइम डीजीपी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने की। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारी बीएल बैरवा, जीएल वर्मा, दयानंद सक्करवाल, डॉ. शशि इन्दुलिया, मेनका भूपेश, महेश धावनिया, गुरु प्रसाद लेखरा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा, महापौर भरतपुर अभिजीत जाटव, पूर्व अध्यक्ष पीसी हाड़िया, पूर्व आईएएस बीएल नवल, ललित मेहरा, पीसी बेरवाल तथा पूर्व आईपीएस केएल बेरवाल व यादराम फांसल, पार्षद लक्ष्मण लूनीवाल मौजूद रहे। समारोह में प्रशांत मेहरड़ा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, शिव शंकर छत्रपति, रोहित खन्ना, राम किशन मेहरा, किशन लाल इनखिया, केआर मेघवाल, अजय भूपेश, उदाराम मेघवाल, हरिनारायण बैरवा, पूरनमल मेहरड़ा, जया सिंह, तारा बेनीवाल, शुभम तिमोली, कीर्तिराज हाडिया, डॉ. महेंद्र कुमार आनंद, हरिवल्लभ मेघवाल, राम सिंह जाटव, नंदराम, रामेश्वर सेवार्थी, मनीष देवेंदा, एचआर परमार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### मामे खां ने 'लागी रे लगन' की दी जानकारी

## राजस्थान में ही करता हूं अपने पर्सनल गानों की पूरी शूटिंग




**बेधड़क | जयपुर**

'मैं न तो पगड़ी उतारता हूं और न ही राजस्थान से बाहर अपने पर्सनल गानों की शूटिंग करता हूं। यह गाना भी हमने किशनगढ़ में शूट किया और और पुष्कर की मॉडल-डांसर के साथ जयपुर की बांसुरी वादक को साथ लिया है। सभी ने मिलकर गाने को अपनी मेहनत से सींचा है, जो हर उम्र के लोगों को पसंद आएगा। इसकी शुरुआत कर दी गई है।' यह कहना था बॉलीवुड सिंगर मामे खां का, जो जयपुर में अपने नए गाने लागी रे लगन को लेकर आए थे। इस दौरान उनके साथ पुष्कर की मॉडल तेजस्वनी गौतम के साथ जयपुर की दीपिका शेखावत भी थीं।

उन्होंने बताया कि लागी रे लगन गाने के वीडियो का डाइरेक्शन अंजुली चक्रबर्ती ने किया है। उन्होंने फिल्मांकन के दौरान पूरा ध्यान रखा है कि राजस्थान और यहां की संस्कृति पूरी तरह से हाईलाइट हो। कोई भी इस गाने को देखे तो वह हमारी संस्कृति और हमारी लोकेशन का दीवाना हो जाए। गाने के बोल कमल किशोर राजपूत ने लिख हैं। बॉलीवुड सिंगर मामे खां ने बताया कि इस नए गाने में प्यार और बॉन्डिंग को दर्शाया गया है। गाना रोमियो-जूलियट व ढोला मारू को ट्रीब्यूट है। इसमें गौतम ने एक ओडिसी डांसर होने के बाद भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गाने की जानकारी देने के लिए इस मौके पर समाज सेवी पवन गोयल भी डेस्क पर मौजूद रहे, जिन्होंने राजस्थान को आगे बढ़ाते गाने पर अपनी खुशी जाहिर की।

दीपिका शेखावत ने बताया कि मैं एक बॉक्सर हूं और बांसुरी वादन भी करती हूं।

**विमोचन** आरएएस अधिकारी पंकज ओझा की पुस्तक की सीएम ने की सराहना

## संपूर्ण पौराणिक दस्तावेज है 'घट-घट के वासी राम'

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के लेखक पंकज ओझा (आरएएस) की लिखी पुस्तक घट-घट वासी राम का विमोचन ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सीएम भजन लाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर उद्यमी राम गोपाल शर्मा, समाजसेवी राधे श्याम उपाध्याय, अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क गोविंद पारीक, डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, तेजस्विनी ओझा व अधिवक्ता हर्षित शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के लिए लेखक पंकज ओझा को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### इनको भेजी गई पुस्तक की प्रति

पुस्तक की प्रति मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता जया किशोरी, मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर महंत कैलाश महंत, रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्यजी, सच बेधड़क मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा, संस्कृत विद्वान कौशलेंद्र, कवि संजय झाला को भी भेंट की गई। गौरतलब है, कि यह एक दस्तावेजी रूप में पवित्र पावन पुस्तक है। लेखक के भारतीय संस्कृति, साहित्य, मंदिरों पर लेख समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।





### पुस्तक में पुरातात्विक साक्ष्यों का है उल्लेख

पुस्तक 'घट-घट के वासी राम' में भगवान श्रीराम के बारे में विश्व के विभिन्न देशों में व्याप्त संस्कृति के साथ विभिन्न पुरातात्विक साक्ष्यों का उल्लेख किया गया है। साथ ही पवित्र पावन अयोध्यापुरी का इतिहास वर्णित है। इसमें पौराणिक व्याख्यानों में "अथर्ववेद में स्कंद पुराण ऋग्वेद शिव संहिता वशिष्ठ संहिता सुख संहिता वाल्मीकि रामायण"आदि पौराणिक व्याख्यानों में अयोध्या के बारे में क्या वर्णन किया गया है क्या साक्ष्य हैं का वर्णन है। साथ ही अयोध्या के निर्माण से लेकर के इसके उजड़ने और चंद्रगुप्त विक्रमादित्य, पुष्यमित्र शुंग आदि के द्वारा पुनर्निर्माण और बौद्ध यात्रियों के आने और उनके द्वारा दिए गए साक्ष्यों का वर्णन है।

महान लक्ष्य के लिए किया गया कोई भी बलिदान व्यर्थ नहीं जाता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## गाजा मामले में साउथ अफ्रीका की ओर से दायर केस पर हुई सुनवाई

# ICJ में इजराइल ने खारिज किया नरसंहार का आरोप




**एजेंसी** | द हेग

नीदरलैंड के शहर द हेग में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (ICJ) में गाजा पर हमले को लेकर इजराइल के खिलाफ केस पर सुनवाई हुई। आईसीजे में इजरायल के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने केस दायर किया था।

अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान साउथ अफ्रीका ने इजराइल पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए, जिनके बचाव में इजराइल ने अपना पक्ष रखा। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर गाजा में नरसंहार करने का दावा किया। दूसरी तरफ इजराइल ने आरोपों को अपमानजनक कहकर खारिज कर दिया। आईसीजे में दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि इजराइली बलों ने फिलिस्तीनियों की सामूहिक रूप से हत्या की है। आईडीएफ ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजने के बाद बमबारी की। जिससे बड़ी संख्या में मौतें हुई हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने केस दायर करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की आलोचना भी की।

उन्होंने कहा कि हम आतंकवादियों से लड़ रहे हैं और हम झूठ से भी लड़ रहे हैं।

### दक्षिण अफ्रीका का दावा: इजराइल का इरादा नरसंहार का

दक्षिण अफ्रीका ने आरोप लगाया कि इजरायल ने गाजा में लोगों को गंभीर मानसिक और शारीरिक नुकसान पहुंचाया है, जिसमें लगभग 60 हजार लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने बमबारी कर फिलिस्तीनियों को विस्थापित होने पर मजबूर किया है। इतना ही नहीं, आईसीजे में दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि इजरायल की सेना ने गाजा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर हमला किया है। यह सबकुछ स्पष्ट रूप से नरसंहार के इरादे को दर्शाता है।

### इजराइल का बचाव: गाजा की मदद की

वहीं, इजराइल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इजराइल की सेना ने फिलिस्तीनी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने का नहीं, बल्कि उन्हें बचाने का प्रयास किया है। इजराइल ने गाजा में हुई 24 हजार से अधिक मौतों के लिए फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास को जिम्मेदार ठहराया। इजरायल ने दावा किया कि वह गाजा की मदद के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों के साथ बड़े पैमाने पर काम कर रहा है।

## डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी तीसरी बार सत्ता में

# चीन विरोधी लाई चिंग ते होंगे ताइवान के राष्ट्रपति

**एजेंसी** | ताईवान

चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (DPP) के उम्मीदवार लाई चिंग ते ने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। इसी के साथ लाई चिंग ते ताइवान के अगले राष्ट्रपति बनने के लिए तैयार हैं। लाई चिंग ते की जीत के बाद ताइवान और चीन के बीच तनाव बढ़ने की संभावना है। गौरतलब है कि डीपीपी ताइवान की सत्ता पर 2016 से काबिज है। पार्टी ने लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल की है। ताइवान के केंद्रीय चुनाव आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक लाई चिंग ते को 50 लाख से अधिक वोट मिले। उनका वोट शेयर 40 फीसदी से अधिक है।






### चीन के साथ बढ़ सकता है तनाव

चीन ने हाल ही ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव को युद्ध और शांति के बीच एक विकल्प बताया था। दरअसल, चीन डीपीपी और डीपीपी सदस्य लाई चिंग ते का कड़ा विरोध करता है। हाल ही में चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने गुरुवार को लाई चिंग ते को जिद्दी करार दिया था। ऐसे में लाई चिंग ते की जीत के बाद ताइवान और चीन के बीच तनाव बढ़ने की संभावना है।

### खारिज किया था चीन का दावा

लाई चिंग ते और निवर्तमान राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने ताइवान पर चीन के दावे को खारिज किया था। हालांकि, वह बीजिंग के साथ बातचीत की पेशकश भी कर चुके हैं, लेकिन बीजिंग ने इससे इनकार कर दिया था। माना जाता है कि चीन ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिन्तांग (KMT) के उम्मीदवार का समर्थन करता है।

## जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज का विमान बीच रास्ते से लौटाया

# हवाई जहाज में 'खतरे की दरार' से मचा हड़कंप

**एजेंसी** | जापान

जापान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब हजारों फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे यात्री विमान की कॉकपिट की खिड़की में दरार देखने को मिली। बड़ी बात यह है कि यह घटना जापान की सबसे बड़ी एयरलाइन ऑल निप्पॉन एयरवेज के विमान में हुई। दरार नजर आने के बाद विमान को वापस एयरपोर्ट पर लौटना पड़ा। स्थानीय मीडिया क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, फ्लाइट 1182 साप्पोरो से टोयामा के लिए उड़ान भर रही थी, जिसमें चालक दल के अलावा 65 यात्री सवार थे। उड़ान के बीच कॉकपिट की खिड़की में दरार का पता चला। इसके चलते बोइंग 737 को वापस हवाई अड्डे पर लौटाया गया।



### पिछले सप्ताह टूटा था उड़ते विमान का दरवाजा

पिछले सप्ताह ही अमेरिका में हवा में उड़ रहे विमान का दरवाजा अचानक टूट गया था, जिस वजह से विमान में सवार 171 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स की सांसें अटक गई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने हैरानी जताई थी। घटना के बाद अलास्का एयरलाइंस ने बोइंग 737-9 मैक्स उड़ानों को रद्द कर दिया था।







## भूमिगत खदान में विस्फोट, 10 मरे

**चीन।** चीन के हेनान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 6 लोग लापता है। हादसा संभवतः कोयले और गैस विस्फोट के कारण हुआ। पिंगडिंगशान शहर में स्थित कोयला खदान में यह हादसा हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए समिति गठित की गई है।

# न्यूजीलैंड की पूर्व पीएम ने की शादी

**एजेंसी** | वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने शनिवार को अपने ब्वॉयफ्रेंड क्लार्क गेफोर्ड के साथ शादी की। दोनों की पांच साल पहले सगाई हुई थी। दोनों ने अपने परिवारजनों की मौजूदगी में शादी की। शादी में न्यूजीलैंड के पूर्व पीएम क्रिस हिपकिंस भी मौजूद थे। जैसिंडा सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनी थीं। साल 2022 में जैसिंडा अर्डर्न और क्लार्क गेफोर्ड की शादी होनी थी, लेकिन कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण उन्होंने अपनी शादी को टाल दिया था। लंबे समय बाद दोनों ने एक निजी समारोह में शादी की। शादी समारोह न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंग्टन से 325 किलोमीटर दूर स्थित हॉक्स बे क्षेत्र में आयोजित किया गया।



## चिंपैंजी-बोनोबोस की आश्चर्यजनक याददाश्त

# परिचित चेहरे 26 वर्षों तक रखते हैं याद

**एजेंसी** | बेंगलुरू

मानव स्वाभाविक रूप से बहुत कम उम्र से ही चेहरों को पहचानने और याद रखने की क्षमता रखता है। नवजात शिशु चेहरे देखने में रुचि दिखाते हैं और जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उनकी यह क्षमता अधिक परिष्कृत होती जाती है।

चेहरे की पहचान को अक्सर समग्र प्रसंस्करण की विशेषता होती है, जहां मस्तिष्क व्यक्तिगत विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समग्र रूप से चेहरों को देखता है और याद रखता है। बता दें कि मनुष्य लंबे समय तक लोगों और रिश्तों को याद रखने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन यह आश्चर्यजनक जानकर सामने आई है कि वानरों में यह क्षमता इनसानों से ज्यादा होती है।



### आई-ट्रैकिंग परीक्षण से किया अध्ययन

हाल ही में हुए अध्ययन में दिलचस्प निष्कर्ष सामने आए हैं, जिसमें बताया गया है कि चिंपैंजी और बोनोबोस 26 साल तक अलग रहने के बाद भी परिचित चेहरों को पहचानने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। एक आई-ट्रैकिंग परीक्षण के माध्यम से, शोधकर्ताओं ने देखा कि वानरों के पास चेहरों को याद रखने और पहचानने की गजब की क्षमता होती है। विशेष रूप से, उनकी टकटकी की अवधि उनके पिछले रिश्तों की गुणवत्ता के साथ सह-संबद्ध प्रतीत होती है, साथ ही उन लोगों पर लंबी नजरें निर्देशित होती हैं, जिनके वे करीब थे।

### वानरों से ही मनुष्यों का हुआ विकास

ये खोज इस धारणा को समर्थन देती है कि मनुष्यों के पूर्वज वानर थे और उनमें याद रखने की क्षमता चिंपैंजी और बोनोबोस से ही विकसित हुई है, जो संभवतः लाखों साल पहले एक सामान्य पूर्वज से उत्पन्न हुई थी। शोध की पहली लेखिका डॉ. लॉरा लुईस ने बताया, 'ये परिणाम अब तक गैर-मानव जानवरों में पाई गई सबसे लंबी दीर्घकालिक यादों में से कुछ का प्रतिनिधित्व करते हैं।'


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl